आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 286- ● जबलपुर ● रविवार, 21 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-1 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## सीरीज के अंतिम मैच में रिजर्व खिलाड़ियों को मिलेगा मौका



**कोलकाता।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच जीतकर टीम इंडिया तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त पहले ही हासिल कर चुकी है। कप्तान रोहित शर्मा की निगाह अब रविवार को तीसरे और अंतिम मैच में क्लीन स्वीप करने पर होगी। यह हो सकता है कि सीरीज हाथ में आने के बाद टीम इंडिया की ओर से इस मुकाबले में रिजर्व खिलाड़ियों को मौका दे दिया जाए।

## फटाफट खबरें

### भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से मिली 3.15 करोड़ की हेरोइन

**नईदिल्ली।** भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी बॉर्डर पर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर हेरोइन की खेप मिली है। इस खेप को पकड़ने में कस्टम विभाग के स्निफर डॉग ने मदद की है। कस्टम ने खेप को जब्त करने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया है। फिलहाल यह खेप ट्रक के अंदर कैसे पहुंची, इसकी जांच की जा रही है। पकड़ी गई खेप की इंटरनेशनल मार्केट में कीमत 3.15 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। कस्टम विभाग का स्निफर डॉग ट्रक पर रुटीन चैकिंग पर था। इसी दौरान उसे एक काला पैकेट मिला और वह उसे सूंघने के बाद अपने हैंडलर की तरफ देख भौंकने लगा।

### त्रिपुरा के पानीसागर इलाके में भीषण आग, 18 घर जलकर खाक

**अगरतला।** त्रिपुरा के नॉर्थ त्रिपुरा जिले में हम्पसपारा ब्रू कैंप में भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर 18 घर जलकर खाक हो गए। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। पीड़ित लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही प्रशासन उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने में लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी।

### पाकिस्तान की विधायक का अश्लील वीडियो वायरल, मचा हंगामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक महिला विधायक का अश्लील वीडियो वायरल हो गया है। पंजाब के तक्षशिला विधानसभा क्षेत्र से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की नेता सानिया आशिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पड़ताल के बाद पुलिस ने एक शख्स को अरेस्ट किया है। विधायक सानिया को इस वीडियो के बारे में पिछले महीने पता चला। उन्होंने 26 अक्टूबर को सरकार और केंद्रीय जांच एजेंसी को इस संबंध में सूचना दी।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सानिया आशिक ने 26 अक्टूबर को फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के पास शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने इसकी कॉपी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी पोस्ट की थी। सानिया ने आरोप लगाया कि कई दिनों से अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है।

# भोपाल - इंदौर में लागू होगा पुलिस कमिश्नर सिस्टम

## पुलिस को मिलेंगे मजिस्ट्रियल पावर





### सीएम शिवराज बोले- कानून व्यवस्था बेहतर होगी

**भोपाल।** मुंबई की तर्ज पर भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह ऐलान किया है, हालांकि इस सिस्टम को लेकर पिछले 10 साल से बात चल रही थी। सरकार ने इसे पहले भी लागू करने की घोषणा की थी, लेकिन IAS लॉबी के विरोध के बाद सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा था। वर्तमान में पुलिस अधीक्षक को प्रशासनिक सेटअप में कलेक्टर के मातहत काम करना पड़ता है। IAS लॉबी अपने महत्व को बरकरार रखने की हिमायती थी। राजधानी सहित प्रदेश भर में बढ़ रही आपराधिक वारदातों के बीच सरकार ने लॉ एंड आर्डर की लैबोरेटरी में पुलिस कमिश्नर सिस्टम का नया प्रयोग करने की तैयारी कर ली है। यानी सरकार ने पुलिस को मजिस्ट्रियल पावर देने का मन बना लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को एक बार फिर घोषणा की है कि भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होगा। इसका मतलब यह होगा कि पुलिस को लाठीचार्ज और धारा 144 लागू करने के लिए कलेक्टर के आदेश का इंतजार नहीं करना होगा। गुंडों को जमानत मिलेगी या नहीं यह पुलिस की कोर्ट में तय होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति बेहतर है, पुलिस अच्छा काम कर रही है। पुलिस और प्रशासन ने मिलकर कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन शहरी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। भौगोलिक दृष्टि से भी महानगरों का विस्तार हो रहा है और जनसंख्या भी लगातार बढ़ रही है। इसलिए कानून और व्यवस्था की कुछ नई समस्याएं पैदा हो रही हैं। उनके समाधान और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए हमने फैसला किया है। प्रदेश के 2 बड़े शहरों में राजधानी भोपाल और स्वच्छ शहर इंदौर में हम पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू कर रहे हैं, ताकि अपराधियों पर और बेहतर नियंत्रण कर सकें। मुख्यमंत्री सचिवालय के अफसरों का कहना है कि दोनों शहरों में पुलिस कमिश्नर सिस्टम अगले साल अप्रैल माह से लागू होने की संभावना है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विधानसभा में चार साल पहले यह घोषणा की थी, लेकिन अफसरों के विरोध के बाद यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई थी।

### साइबर क्राइम रूकेगा

गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि दोनों शहरों की आबादी बढ़ रही है। कानून व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस सिस्टम से साइबर क्राइम को रोकने में मदद भी मिलेगी।

## राजस्थान में नया मंत्रिमंडल आज शाम को लेगा शपथ

**जयपुर।** सरकार बनने के 2 साल 11 महीने बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कैबिनेट में बड़ा फेरबदल हो रहा है। मंत्रिमंडल फेरबदल के जरिए जातीय, क्षेत्रीय और कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी सियासी समीकरण साधने की कोशिश की गई है। गहलोत ने दो पद वाले 3 मंत्रियों को छोड़ किसी को ड्रॉप नहीं किया है, साथ ही 11 नए कैबिनेट मंत्री और 4 राज्य मंत्री बनाए हैं। तीन दलित मंत्रियों- ममता भूपेश, भजनलाल जाटव, टीकाराम जूली को राज्य मंत्री से प्रमोट कर कैबिनेट मंत्री बनाया है। कैबिनेट में गोविंद मेघवाल को मिलाकर चार दलित चेहरे हो गए हैं। हर चेहरे के पीछे अलग सियासी समीकरण साधने की कोशिश है। हालांकि अभी भी कई सियासी पेच सुलझने बाकी रह गए हैं। फेरबदल में कांग्रेस के कोर वोट बैंक का खास ध्यान रखा है। शेयरिंग फॉर्मूला से पायलट कैंप के विधायकों को भी नए मंत्रिमंडल में जगह मिली है, जबकि पायलट के नजदीकी विश्वेंद्र सिंह और रमेश मीणा की फिर से एंट्री हुई है। जाट नेता के तौर पर रामलाल जाट को मौका दिया गया है। जाट ने अपनी करियर की शुरुआत कांस्टेबल से की थी। अब वे सीएम के सबसे खास माने जाते हैं।हेमाराम चौधरी आज शपथ लेने वाले मंत्रियों में सबसे सीनियर विधायक हैं।



## कृषि कानून वापसी

## कलराज मिश्र, साक्षी महाराज के बयान बढ़ा सकते हैं किसानों का अविश्वास



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी घोषणा कर चुके हैं कि केंद्र सरकार तीन विवादित कृषि कानूनों को वापल ले रही है। इस महीने के आखिरी में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इसकी संवैधानिक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बावजूद किसानों का आंदोलन जारी है। हालांकि किसान संगठन आगे की रणनीति पर अभी मंथन कर रहे हैं। इस बीच, भाजपा के दिग्गज नेता रहे और वर्तमान में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ ही भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने ऐसी बातें कही हैं, जिनसे किसानों का सरकार के प्रति असंतोष बढ़ सकता है। बकौल कलराज मिश्र, अभी समय अनुकूल नहीं था। किसान आंदोलन कर रहे थे। ऐसे में केंद्र सरकार ने कानून वापस लेकर बहुत अच्छा किया। जब हालात सुधरेंगे तो यह कानून फिर लाया जा सकता है।ज कलराज मिश्र ने यूपी के भदोही में मीडिया से बात करते हुए यह बयान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के फैसले के बाद भी किसान संगठन विरोध प्रदर्शन खत्म करने को राजी नहीं हैं। आगे की रणनीति के लिए संयुक्त किसान मोर्चा बैठक करेगा। इस बीच, खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में 24 नवंबर को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में तीनों कृषि कानूनों का वापस लेने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी और अनुमति दी जाएगी। इसके बाद महीने के आखिरी में शुरू होने जा रहे संसद के शीतकालीन सत्र में बिल वापसी की जरूरी कार्रवाई पूरी की जाएगी। आंदोलन खत्म होगा या जारी रहेगा किसान संगठन आगे की रणनीति पर अभी मंथन कर रहे हैं और आज फैसला लेंगे।

# नौसेना में शामिल हुआ INS विशाखापट्टनम



### ब्रह्मोस और बराक मिसाइल से है लैस

**मुंबई ।** समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ गई है। भारतीय नौसेना के बेड़े में रविवार को चविशाखापट्टनमज को कमीशन किया गया है। नेवी डॉकयार्ड मुंबई में हुए समारोह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसे नेवी के हवाले किया। समुद्र में दुश्मन के हर एक हथियार पर नजर रखने वाला विशाखापट्टनम भारत की समुद्री सीमा को और ज्यादा सुरक्षित करेगा। खास बात ये है कि विशाखापट्टनम को मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के तहत बनाया गया है। विशाखापट्टनम 75 फीसदी स्वदेशी तकनीक से बना है। साथ ही इसमें इस्तेमाल की गई कई तकनीक भी पूरी तरह स्वदेशी है।

कैप्टन वीरेन्द्र बेन्स ने बताया कि 30 नॉटिकल माइल्स की स्पीड से चलने में सक्षम इस वॉर शिप की लंबाई 164 मीटर और वजन 7500 टन है। इस योद्धपोत का डिजाइन नेवी के नौसेना डिजाइन निदेशालय ने बनाया है। जिसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया है। यह देश का पहला पी-15बी क्लास का स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है। वीरेन्द्र बेन्स के मुताबिक, इसके निर्माण में बहुत ही मजबूत और उच्च गुणवत्ता वाले स्वदेशी स्टील डीएमआर 249ए का उपयोग कर किया गया है। यह योद्धपोत ब्रह्मोस-बराक जैसे विध्वंसक मिसाइल से लैस होगा।

# गांजा तस्करी में अमेजन आरोपित

## निदेशकों का एफआईआर में नाम, कढ़ी पत्ते के नाम पर हुई थी डिलेवरी



**भिंड।** आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम से कढ़ी पत्ते के नाम से गांजा तस्करी के मामले में गोहद चौराहा थाना पुलिस ने एएसएसएल (अमेजन सर्विस सेलर लिमिटेड) अमेजन के निदेशकों को आरोपित बनाया है। पुलिस ने 13 नवंबर को दो आरोपितों को गिरफ्तार कर 21 किलो 734 ग्राम गांजा जब्त किया था। आनलाइन गांजा तस्करी में नाम आने के बाद अमेजन के वकील और ग्वालियर हब के स्टेशन इंचार्ज भिंड आकर एसपी मनोज कुमार सिंह से मिले थे। पुलिस ने अमेजन से ई-मेल से जानकारी मांगी थी। शनिवार को गोहद चौराहा थाना पुलिस ने अमेजन के कार्यकारी निदेशकों को एनडीपीएस एक्ट में आरोपित बनाया है। देश में किसी भी ई-कामर्स कंपनी के कार्यकारी निदेशकों पर एनडीपीएस एक्ट में यह पहली कार्रवाई है। भिंड एसपी मनोज कुमार सिंह ने बताया 13 नवंबर 2021 को गोहद चौराहा थाना पुलिस ने आरोपित पिंटू उर्फ बृजेंद्र तोमर निवासी छींमका थाना गोहद चौराहा और सूरज उर्फ कल्लू पवैया निवासी आजाद नगर मुरार ग्वालियर को पकड़ा था। दोनों के पास से पुलिस ने 21 किलो 734 ग्राम गांजा जब्त किया था। यह गांजा आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम से बाबू टैक्स सेलर के जरिए अमेजन से डिलीवर किया गया था। इसके बाद पुलिस ने कल्लू के मामा के बेटे मुकुल जायसवाल निवासी नई सड़क ग्वालियर को पकड़ा।

## शॉर्ट्स पहनकर आया तो बैंक में नहीं मिला प्रवेश

**कोलकाता।** कोलकाता के एक शख्स ने दावा करते हुए कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक ब्रांच से उसे केवल इसलिए वापस लौटा दिया गया, क्योंकि उसने शॉर्ट्स पहन रखी थी। बैंक स्टाफ ने कहा कि जब तक वह फुल पैंट पहनकर नहीं आएगा तब तक उसे बैंक में एंट्री नहीं मिलेगी। अपने साथ हुए इस दुर्व्यवहार के बाद शख्स ने ट्विटर पर जवाब मांगा है।

# मोदी ने योगी के कंधे पर रखा हाथ

## पहली बार सामने आई दोनों नेताओं की ऐसी तस्वीरें



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ अक्सर चर्चा में रहते हैं। केंद्र में मोदी और यूपी में योगी की बात हर कोई कहता है, लेकिन पहली बार दोनों की जो तस्वीरें आई हैं वो चर्चा में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ दौरे पर हैं जहां वे पुलिस महानिदेशकों के 56वें सम्मेलन में हिस्सा लेने गए हैं। रविवार को इसी कार्यक्रम के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई। दोनों एक गलियार या गैलरी जगह पर साथ जा रहे हैं। आसपास कोई नहीं है। पीएम मोदी ने सीएम योगी के कंधे पर हाथ रखा है और कुछ कह रहे हैं। सीएम योगी भी बड़े ध्यान से बात सुन रहे हैं। दोनों की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और यूजर्स जबरदस्त प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने ये तस्वीरें अपने ट्विटर हैंडर पर शेयर करते हुए लिखा, हम निकल पड़े हैं प्रण करके अपना तन-मन अर्पण करके, जिद है एक सूर्य उगाना है, अम्बर से ऊँचा जाना है, एक भारत नया बनाना है।




## उज्जैन में ननि इंजीनियर की हत्या



**उज्जैन।** उज्जैन नगर निगम के फील्ड इंजीनियर की शनिवार देर रात करीब 1.30 बजे कुछ बदमाशों ने हीरा मिल की चाल के समीप तिलकेश्वर महादेव के पास घेर कर चाकू मारकर हत्या कर दी। फील्ड इंजीनियर निगम के ही एक कर्मचारी की बारात में इंदौर गया था। वहां से अपने साथी के साथ बाइक पर वापस उज्जैन लौट रहा था। जीरो पाइंट ब्रिज उतरने के बाद वह लघुशंका के लिए तिलकेश्वर महादेव मंदिर के समीप गया था। उसी दौरान बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। देवास गेट पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पंकज कनौजिया निवासी सतना हाल मुकाम तिरुपति डायमंड कालोनी उज्जैन नगर निगम में फील्ड इंजीनियर था और प्रधानमंत्री आवास योजना का काम देखता था। शनिवार को वह अपने दोस्त व निगम कर्मचारी की बारात में शामिल होने के लिए इंदौर गया था। वहां से अपने दोस्त सुदामा डोडिया के साथ बाइक से वापस उज्जैन लौट रहा था। जीरो पाइंट ब्रिज क्रास करने के बाद हीरा मिल की चाल के समीप तिलकेश्वर महादेव के पास वह बाइक से लघुशंका करने के लिए उतरा था। उसी दौरान कुछ बदमाशों ने उस पर एकाएक चाकू से हमला कर दिया।

# अब सियासी जंग में कूदी नवाब की बेटी जारी किया समीर की शादी का कार्ड



**मुंबई।** एनसीपी नेता नवाब मलिक और एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अब इस जंग में नवाब मलिक की बेटी निलोफर मलिक खान भी कूद पड़ी हैं, उन्होंने समीर वानखेड़े के खिलाफ एक और बम फोड़ दिया है। निलोफर ने अपने ट्विटर हैंडल पर समीर वानखेड़े की शादी का कार्ड और सर्टिफिकेट साझा किया है। उन्होंने एनसीबी अधिकारी के खिलाफ दोंनों दस्तावेज साझा करते हुए लिखा कि- समीर वानखेड़े और उनका परिवार सबूत होने के बावजूद इंकार कर रहा है। ऐसे में यहां सबके लिए सबूत हैं। ये है समीर दाऊद वानखेड़े की शादी का निमंत्रण पत्र, अजीब बात है कि इन पुख्ता सबूतों को वानखेड़े परिवार स्वीकार करने से इंकार कर रहा है। नवाब मलिक की बेटी निलोफर मलिक खान ने जो शादी का कार्ड साझा किया है, उसमें लड़की का नाम शबाना और लड़के का नाम समीर लिखा है। यह कार्ड एक मुस्लिम शादी का है। इस कथित शादी के कार्ड में समीर वानखेड़े के पिता का नाम दाऊद और माता का नाम जहीदा वानखेड़े लिखा हुआ है।

# चंद्रमा पर न्यूक्लियर रिएक्टर लगाने की प्लानिंग

## सफलता मिली तो इंसानी बस्तियां बसाना होगा आसान



**नई दिल्ली।** चंद्रमा पर न्यूक्लियर रिएक्टर- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा चंद्रमा पर न्यूक्लियर रिएक्टर स्थापित करने पर मंथन कर रही है। यदि इसमें सफलता मिलती है तो चंद्रमा पर भेजे जाने वाले अंतरिक्ष मिशनों के ऊर्जा की कमी का संकट समाप्त हो जाएगा। साथ ही यहां इन्सानी बस्तियां बसाने का सपना साकार होने की उम्मीद बढ़ जाएगी। नासा के वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि यदि चंद्रमा पर यह योजना सफल रहती है तो इसी फॉर्मूले को मंगल ग्रह पर आजमाया जा सकता है। नासा और अमेरिकी की शीर्ष संघीय परमाणु अनुसंधान प्रयोगशाला ने इस संबंध में दुनियाभर के वैज्ञानिकों से प्रस्तावों के लिए अनुरोध किया है। रिएक्टर को पृथ्वी पर बनाया जाएगा और फिर चंद्रमा पर भेजा जाएगा। इस योजना पर नासा और अमेरिकी ऊर्जा विभाग की इडाहो नेशनल लेबोरेटरी साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इनकी कोशिश है कि दशक के अंत तक चंद्रमा पर मिशन के लिए स्वतंत्र ऊर्जा स्रोत स्थापित किया जा सके। लैब में फिशन सरफेस पावर प्रोजेक्ट के प्रमुख सेबस्टियन कॉर्बिसिएरो के मुताबिक, चंद्रमा पर एक विश्वसनीय, उच्च-शक्ति प्रणाली प्रदान करना मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में एक महत्वपूर्ण अगला कदम है और इसे प्राप्त करना हमारे लिए बहुत जरूरी है।

### तो अगले कदम मंगल ग्रह

NASA के वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा पर ऊर्जा का स्रोत स्थापित कर लिया गया तो वहां इन्सानों को भेजना आसाना होगा। यदि चंद्रमा पर निरंतर मानव उपस्थिति सफल होती है, तो अगला उद्देश्य मंगल होगा। नासा का कहना है कि चंद्रमा या मंगल पर पर्यावरण की स्थिति कुछ भी हो, परमाणु विखंडन शक्ति निरंतर, प्रचुर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। इडाहो नेशनल लेबोरेटरी ने विभिन्न परियोजनाओं पर नासा के साथ काम किया है। हाल ही में, लैब ने रेडियोआइसोटोप पावर सिस्टम के साथ नासा के मार्स रोवर पर्सिएरेंस को पावर देने में सफलता हासिल की है, जो प्लूटोनियम-238 से उत्पन्न गर्मी को विद्युत शक्ति में परिवर्तित करता है। कार के आकार का रोवर फरवरी में मंगल ग्रह पर उतरा था।

## तीसरी बार रचाने जा रहे शादी आमिर खान

### सोशल मीडिया पर चर्चा ,फातिमा सना शेख से जोड़ा जा रहा नाम



**मुंबई।** आमिर खान तीसरी बार निकाह रचाने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह की चर्चा चलने के बाद ट्विटर पर भी Aamirhan ट्रेंड हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,ड्डद्वद्ब-चद्बड्डठ्ठ अपने साथ फिल्म में काम कर चुकी एक अदाकार के साथ शादी करने का फैसला कर चुके हैं। बस अभिनेता अपनी अगली फिल्म लाल सिंह चड्ढा के रिलीज होने का इंतजार कर रहा है। दरअसल, आमिर खान नहीं चाहते हैं कि फिल्म की रिलीज के दौरान कोई विवाद हो। यही कारण है कि उन्होंने Laal Singh Chaddha की रिलीज के बाद शादी रचाने का फैसला किया है। इस बीच Laal Singh Chaddha की रिलीज डेट की घोषणा भी कर दी गई है। इस साल की शुरुआत में (अगस्त में) आमिर खान ने घोषणा की थी कि वह और पत्नी किरण राव तलाक ले रहे हैं। किरण खुद एक फिल्म निर्माता हैं और आमिर की दूसरी पत्नी हैं।

## Kangana की मुश्किलें फिर बढ़ीं



**मुंबई।** अपने तीखे तेवरों के लिए ख्यात हो चुकीं एक्ट्रेस कंगना रनौत पर एक और केस दर्ज हुआ है। यह केस कंगना के इंदिरा गांधी और खालिस्तान पर दिए बयान के बाद दर्ज हुआ है। Kangana Ranaut ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा, खालिस्तानी आतंकवादी आज भले ही सरकार का हाथ मरोड़ रहे हों, लेकिन उस महिला (इंदिरा गांधी) को मत भूलना, एकमात्र महिला प्रधानमंत्री ने इनको अपनी जूती के नीच क्रश किया था, उसने इस देश को कितनी भी तकलीफ दी हो, उसने अपनी जान की कीमत पर उन्हें मच्छरों की तरह कुचल दिया, लेकिन देश के टुकड़े नहीं होने दिए, उनकी मृत्यु के दशक के बाद भी, आज भी उसके नाम से कांपते हैं ये, इनको वैसा ही गुरु चाहिए। अब दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कंगना रनौत के खिलाफ सोशल मीडिया पर इस कथित देशद्रोही और अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए पुलिस शिकायत दर्ज की है। DSGMC ने अपनी इंस्टाग्राम कहानियों में अभिनेत्री द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों का कड़ा विरोध किया और इसे अपमानजनक, अवमानना और अपमानजनक बताया।

### चिन्नौर चावल को जीआई टैग

# बालाघाट का चावल पूरे देश में महकेगा

## 2019 में टैग के लिए गया था सैम्पल



जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले का चिन्नौर धान काफी लोकप्रिय है. अब इसकी सुंगध से प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के बाजार महकेंगे। दरअसल, चिन्नौर चावल को जीआई टैग मिल गया है। जीआई टैग मिलने के बाद चिन्नौर के किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा साथ ही व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी।

### 2019 में किया था टैग के लिए दावा


गौरतलब है कि 2019 में कृषि विभाग बालाघाट ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, हैदराबाद में जीआई-टैग के लिए दावा किया था। परिषद ने मध्य प्रदेश के चिन्नौर धान को जीआई-टैग की अनुमति दे दी है।

### क्यों खास है चिन्नौर धान

मध्य प्रदेश के धान उत्पादक बालाघाट जिले की यह खास किस्म है. इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाने के लिए सरकार ने 'एक जिला, एक उत्पाद' में शामिल किया था. जेएनकेविवि के वैज्ञानिकों ने बताया कि धान को सुगंध के लिए वैज्ञानिक तौर तीन श्रेणी में बांटा गया है- निम्न, मध्यम और तीव्र सुगंध। चिन्नौर तीव्र सुगंध वाली किस्म में शामिल है. कई धानों में राइस ब्रान की मात्रा 17-18 प्रतिशत होती है, जबकि चिन्नौर में 20-21 प्रतिशत होती है. इसके चावल की खासियत इसकी महक और स्वाद है। उन्नत किस्म की इस धान के चावल के भीगने के बाद की खुशबू और पकने के बाद की मिठास का जिसने भी स्वाद लिया है, वह भूल नहीं सका. इसका स्वाद ही नहीं महक भी गजब की है।

### दुनिया भर में बढ़ेगी मध्य प्रदेश की पहचान

चिन्नौर को मध्य प्रदेश में कृषि के लिए पहला जीआइ-टैग मिला है. इसे मध्य प्रदेश सरकार 'एक जिला, एक उत्पाद' में शामिल कर प्रमोट कर रही है. जिले के 25 गांव के किसान इसका उत्पादन कर रहे हैं. इस टैग के मिलने के बाद अब यह किस्म दुनियाभर में बालाघाट के साथ मध्य प्रदेश को भी खास पहचान देगी. लोग उम्मीद कर रहे हैं कि यह किस्म अब ऊंचे दामों पर बिकेगी।



# सर्दी में गर्मी का अहसास

**जबलपुर।** शहर में आज भी बादल छाए हैं। इस कारण दरमियानी रात का तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा 17 डिग्री पर पहुंच गया। जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 28.9 रहा। आज सुबह का तापमान 5 डिग्री ज्यादा 19.3 था। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अलग-अलग स्थानों पर बने वेदर सिस्टम भी अब कमजोर पड़ने लगे हैं। इसके अतिरिक्त हवाओं का रुख भी उत्तरी होने लगा है। इस वजह से रविवार से नमी कम होने से धीरे-धीरे बादल छंटने लगेंगे। साथ ही रात के तापमान में गिरावट होने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़कर आगे बढ़ने लगा है। अरब सागर में बने गहरे कम दबाव का क्षेत्र के अवदाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। इस सिस्टम से लेकर गुजरात होते हुए दक्षिणी राजस्थान तक एक ट्रफ बना हुआ है। इस ट्रफ के कारण मध्य प्रदेश में नमी आ रही है। हवाओं के साथ आ रही नमी के कारण बादल बने हुए हैं। साथ ही कहीं-कहीं हल्की बौछारें पड़ रही हैं। अरब सागर से दक्षिणी राजस्थान तक बने ट्रफ के कमजोर पड़ने के आसार हैं। इससे वातावरण में नमी कम होने से बादल छंटने का सिलसिला शुरू हो सकता है। इसके बाद उत्तरी हवाओं के प्रभाव से सोमवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के आसार हैं।अगले एक हफ्ते में शुरू के एक-दो दिन में 1, 2 डिग्री और बाद में तापमान में 5-6 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। अगले एक-दो दिन में कभी भी शहर में कोहरा भी छा सकता है। बादल छाए रहने के कारण दिन में धूप भी नहीं चटकी। इस कारण पारे की चाल भी बहुत धीमी थी। मौसम में आए बदलाव से धान पैदावार किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्हें डर है कि अगर बारिश हुई तो खेत में खड़ी तथा कटी हुई धान काली पड़ जाएगी। इससे क्वालिटी में गिरावट आएगी। अब बात यदि रबी सीजन को लेकर करें तो हल्की बारिश से चना व सरसों के किसान को कुछ राहत मिलेगी। उन्हें ज्यादा पानी नहीं देना होगा।

**फोटो- अशोक बर्मन**

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का शोषण बंद करें शासन

जबलपुर ।म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका शासन के घोर अन्याय का शिकार हो रही हैं लाकडाऊन के समय से ही कार्यकर्ताओं द्वारा संक्रमित व्यक्तियों कि जांच करने घर-घर सर्वे किया गया था परंतु इसके एवज मे उन्हें किसी भी प्रकार का अतिरिक्त मानदेय नहीं दिया गया ।कोविड टीकाकरण महा अभियान में भी उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी ड्यूटी नियुक्ति स्थल से दूर अन्यत्र लगाई गई परंतु उन्हें आने-जाने का कोई भुगतान नही किया यह स्वयं के व्यय पर आना-जाना कर रही है अब शासन द्वारा घर-घर सर्वे में भी इनकी ड्यूटी लगाई जा रही है जबकि अब आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चे आने लगे हैं ऐसे में केन्द्रों मे बच्चों का ध्यान रखें कि शासन के आदेशों का पालन करें ?संघ के योगेंद्र दुबे अर्वेंद्र राजपूत अवधेश तिवारी अटल उपाध्याय आलोक अग्निहोत्री नरेंद्र दुबे मुकेश सिंह मिर्जा मंसूर बेग ब्रजेश मिश्रा दुर्गेश पांडेय मुन्ना लाल पटेल मनोज सिंह मुकेश मिश्रा, तुषरेन्दसिह नीरज कौरव राजेश चतुर्वेदी सतीश देशमुख चुरामन गुर्जर सीएन शुक्ला पंकज जायसवाल योगेश कपूर श्याम नारायण तिवारी मो.तारिक धीरेन्द्र सोनी, संतोष तिवारी ने कलेक्टर जबलपुर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का शोषण बंद कर कोविड टीकाकरण मानदेय भुगतान किए जाने कि मांग कि है।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण

# जबलपुर नगर निगम ने दर्ज की बड़ी सफलता



**जबलपुर।** नागरिकों द्वारा दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों के निराकरण में नगर निगम जबलपुर में उल्लेखनीय कार्य करते हुए प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की ग्रेडिंग में जबलपुर नगर निगम को आठवां स्थान मिला है। निगमायुक्त श्री संदीप जी आर ने बताया कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन चलाया जा रहा है जिसमें दर्ज होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा उनके निराकरण की दिशा में तेजी से कार्य किया जाता है। इसके लिए अलग से टीमों का गठन कर अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी देते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त श्री संदीप जी आर ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में आने वाल्व शिकायतों के निराकरण में जबलपुर नगर निगम को 84.96त्न की ग्रेडिंग मिली है जिसके आधार पर जबलपुर नगर निगम ने प्रदेश के सभी बड़े महानगरों एवं शहरों को पीछे छोड़ते हुए आठवीं रैंकिंग प्राप्त की है। निगमायुक्त श्री संदीप जी आर ने इसे सुशासन की दिशा में नगर निगम की बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि भविष्य में भी नागरिकों द्वारा द ? की जाने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा इसी तरह प्रयास किया जाएगा एवं उन्हें राहत प्रदान कर मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा।

### प्रदेश के सभी बड़े शहरों को पीछे छोड़ते हुए प्राप्त किया आठवां स्थान

# रेलवे लाइन के पास मिला नवजात शिशु

जबलपुर यश भारत। आज सुबह सिहोरा रेलवे स्टेशन के पास छपरा एवं पहरुआ गांव के बीच से निकली रेलवे लाइन के पास एक नवजात शिशु मिलने भीड़ जमा हो गई ।मौजूद लोगों द्वारा पहले डायल 100 को दी खबर दी। उसके बाद घटना की जानकारी लगते ही जबलपुर जीआरपी के एसआई डीएल उईके पीएस कुलसते एवं आरक्षक दीपक पाठक पहले अस्पताल पहुंचे उसके बाद घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया एवं आसपास के लोगों से इस घटना के संबंध में जानकारी ली गई नवजात शिशु को उपचार के लिए सिहोरा के स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया जीआरपी द्वारा इस पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। इस घटना के संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार सिहोरा रेलवे स्टेशन के समीप छपरा एवं पहरुआ गांव के बीच से किलोमीटर 10 37 /5 अपलाइन से चंद कदम की दूरी पर 1 सप्ताह का नवजात कंबल में लिपटा हुआ रो रहा था आज सुबह चाबी मैन सुरेंद्र कोल जैसे ही ड्यूटी पर पहुंचा तो वहां पर रोने की आवाज सुनाई दी वह मौके पर पहुंचा तो पटरी के किनारे नवजात कंबल में लिपटा हुआ पडा रो रहा था उसके द्वारा इस घटना की सूचना सबसे पहले डायल 100 को दी गई मौके पर पहुंचे वाहन द्वारा उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया चूंकि की घटना जीआरपी कार्य क्षेत्र के अंतर्गत होने के कारण घटना की सूचना जबलपुर जीआरपी को दी गई।



# श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में छात्र - छात्राओं की व्याख्यानमाला

**जबलपुर।**श्रीजानकीरमण महाविद्यालय की स्थापना के 50 वें वर्ष में आयोजित स्वर्ण जयंती महोत्सव की श्रृंखला में महाविद्यालय सभागार में श्रीजानकीरमण महाविद्यालय न्यास के सदस्यों पर केंद्रित व्याख्यान माला छात्र - छात्राओं के द्वारा आयोजन की गई।आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आयोजन के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी एवं मुख्य अतिथि अभिमन्यु जैन ,सुरेश मिश्र विचित्र ,प्रभात दुबे,और यू .एस दुबे जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । मुख्यातिथि अभिमन्यु जैन, सुरेश मिश्र चविचित्रज्प्रभात दुबे ,एवं यु एस दुबे ने महाविद्यालय के सदस्यों को याद करते हुये उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर सारगर्भित मीमांसा प्रस्तुत की। इसी अवसर पर श्री जैन जी ने एक अपना श्रेष्ठ रचना का पाठ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री जानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में च्स्वर्ण जयंती वर्ष च के अंतर्गत महाविद्यालय के सदस्य मणि भाई पटेल, दुलीचंद भाई पालन,पदम् भवानी प्रसाद तिवारी ,पं.हरिकृष्ण त्रिपाठी ,हरिहर व्यास छोटे लाल बर्मन,एवं श्री रामेश्वर प्रसाद गुरु के द्वारा किये गए कार्यो पर प्रकाश डालते हुई सबका आभार ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में करिश्मा अग्रवाल,प्रियांक पटेल,अमिता पटेल,समीक्षा बर्मन, निखिल राजपूत,प्रिय नामदेव, एवं शिफा ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन अजय मिश्रा के द्वारा किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सदस्य सर्व श्रीडॉ गंगाधर त्रिपाठी ,कौशल दुबे , डॉ अंजलि शुक्ला, चंदकुमार चौबे मुकेश श्रीवास्तव ,तरूण मिश्रा,देवेंद्र कुशवाहा, डेनियल पटेल,राधा झारिया श्रुति शुक्ला मीनाक्षी लोधी,राखी वाजपई ,मनोज चौरसिया , हेमंत सोंधिया,संजय पांडे,गोपाल बर्मन, उपस्थित रहे।



# मकसूद अहमद मन्सूरी बने महामंत्री

जबलपुर। मध्य प्रदेश जन जागरण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मथुरा प्रसाद दुबे ने प्रदेश महामंत्री पद पर मकसूद अहमद मन्सूरी को नियुक्त किया गया है मुख्य रूप से जनाब मोहम्मद इमरान असलम घी वाले जनाब हाजी मोहम्मद अय्युब जनाब वाहिद भाई जनाब मकसूद बंगाली जनाब इमरान मन्सूरी रिजवान मन्सूरी यासिर मन्सूरी जनाब अकील भाई काफी लोगों ने इन के महामंत्री बनने पर बधाई दी ।

# जबलपुरआदिम जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह कल आयेंगी

जबलपुर, ।प्रदेश की आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह का सोमवार 22 नवम्बर की सुबह भोपाल से नर्मदा एक्सप्रेस द्वारा जबलपुर आगमन होगा। आदिम जाति एवं अनुसूचित कल्याण मंत्री जबलपुर में कुछ देर रूकने के बाद सुबह 8 बजे कार द्वारा मण्डला प्रस्थान करेंगी।

### गायत्री परिवार ने दिया नर्मदा शुद्धि का संदेश

# घाट पर आटे के दिए का करें दान, नदीं में न प्रवाहित करें फूल व दीप

# अनूठे आयोजन की सभी ने की सराहना

**जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के जल स्रोत शुद्धि अभियान के क्रम में गायत्री परिवार ट्रस्ट जबलपुर द्वारा वर्ष 2009 से प्रतिमाह पूर्णिमा को नर्मदा तट पर घाट पर ही करें दीपदान का क्रम चलाया जाता है। इसके अंतर्गत निवेदन किया जाता है कि आटे के दीपक में घाट पर ही करें दीपदान ताकि फू ल और दोने से होने वाले जल प्रदूषण से मां नर्मदा को बचाया जा सके। इसी क्रम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री परिजनों द्वारा उमाघाट ग्वारीघाट पर 5100 दीपों का दीपदान क्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान विभिन्न माध्यमों से यह भी संदेश दिया गया कि मां नर्मदा की यही पुकार जल जंगल का करो सुधार आदि नारों से गुंजायमान करते हुए टोली के गोविंद श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र कोष्टा, भास्कर तिवारी, शंकर कनौजिया ने क्रम संपन्न कराया। समन्वयक नरेश तिवारी ने नर्मदा शुद्धि जन जागरण का संदेश देकर जन.जन को इस क्रम से जुडने् आह्वान किया। इस दौरान मुख्य ट्रस्टी प्रमोद राय, सीताराम त्रिपाठी, नरेश तिवारी, प्रकाश मुर्झानी, रमेश पटेल, कमल राय, सुनील मालवीय, मोहन चक्रवैश्य सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### जहां दीप जलाए, वहां पर की साफ-सफाई

गायत्री परिवार ने आयोजन के पूर्व घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं आयोजन होने के उपरांत दीपयज्ञ करके नर्मदा शुद्धि का संदेश दिया और आयोजन पूर्ण होने पर दीपों को एकत्रित किया गया और पुन- सफाई की गई, ताकि नागरिक भी आयोजन के उपरांत घाट को स्वच्छ बनाकर रखें।

### मिलकर चलाए अभियान, तभी शुद्ध होगी नर्मदा

गायत्री परिवार के द्वारा रंगोली, पम्पलेट व अन्य के माध्यम से घाट पर आने वाले प्रत्येक नर्मदा भक्त को नर्मदा शुद्धि का संदेश दिया गया। वहीं सभी को जागरूक किया कि जब सभी जागे, तभी नर्मदा शुद्ध हो सकेगी और इसके लिए सभी को मिलकर एक साथ अभियान चलाना होगा।



## तेंदुआ पीएम रिपोर्ट में खुलासा

# 5 साल के तेंदुआ बेरहमी से मारा, नाखून जांघ और दांत में चोट के गंभीर निशाने मिले

**जबलपुर, यशभारत।** टेमरभीटा के जंगल में मृत पाए गए तेंदुआ की प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। 5 साल के तेंदुआ का शिकार करने के लिए तारों का झाल बिछाया गया था। तारों में फंसकर तेंदुआ की मौत हुई। नानाजी देशमुख पुशचिकित्सालय विज्ञान विवि के स्कूल ऑफ वाइल्ड फॉरेंसिक एंड हेल्थ में तेंदुआ शव का पीएम कराएगा।





प्रारंभिक रिपोर्ट में तेंदुआ के नाखून, कमर, जांघ सहित दांतों में गंभीर चोट आई हैं जिसकी वजह उसने दम तोड़ दिया। मालूम हो कि वन विभाग को सेना की ओर से फंदे में तेंदुए के फंसने की सूचना दी गई थी। टेमरभीटा के पास एक निजी स्कूल की फेंसिंग में तेंदुआ फंसा था। कमर, गला आदि फेंसिंग में फस गया था। तेंदुए का वेटरनरी में पीएम हुआ। हालांकि रिपोर्ट अभी वन विभाग को नहीं मिल पाया है। यहां मिले फंदे वन विभाग की सक्रियता पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। यहां खरगोश, चीतल, सूअर आदि को फंसाने के लिए फंदे लगाए मिले। इससे साफ है कि इस क्षेत्र में धड़ल्ले से वन्य जीवों का शिकार किया जा रहा है। वन विभाग की टीम मुन्ना को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।

### मुन्ना के घर में मिला फंदा तैयार करने का उपकरण

बताया जा रहा है कि घटना की सूचना पर ट्रेस डॉग को फेंसिंग के पास ले जाकर छोड़ा गया। वह आधा किमी दूर मुन्ना कुमार के घर के पास भौंकने लगा। तलाशी में उसके धर से फंद्दा तैयार करने वाले उपकरण मिले। वहीं घटनास्थल के आसपास भी कई फंदे मिले। इसमें छोटे व बड़े साइज के फंदे शामिल हैं।

### चोट के कारण हुई मौत

बेटरनरी की डॉक्टर शोभा जागरे के मुताबिक तेंदुए की मौंत चोट के कारण हुई है। पीएम की प्रारंभिक रिपोर्ट में सामने आया है कि अत्यधिक खून बहने के कारण मासपेशियों में घाव पाए गए हैं, शरीर के आंतरिक भागों में भी हीमरेज पाया गया है। तेंदुए का पीएम वन मंडल अधिकारी अंजना सुचिता तिरकी, गुलाब सिंह सहित अन्य की उपस्थिति में किया गया।



## बिलहरी गोलीकांड

# पुराने मामले में समझौता को लेकर टकराए थे गुट

**जबलपुर, यशभारत।** गोराबजार में शनिवार की रात दो गैंगों में हुई झड़प में बदमाशों के दो गुट आपस में टकरा गए। मारपीट फायरिंग में एक गुट के कुख्यात बदमाश को गोली लग गई थी। गोली चलाने वाला एनएसए का आरोपी है। पूरा विवाद पुराने मामले में समझौते को लेकर था। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। तो वहीं गोलीकांड के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। पुलिस के अनुसार बिलहरी निवासी तारा यादव एनएसए का आरोपी है। वह जेल में बंद राजदीप गैंग का खास गुर्गा है। गोलीकांड के बाद घायल योगेश कुमार रैदास 39 वर्ष निवासी बिलहरी ने बताया कि वह प्रॉपटी का काम करता है। शनिवार की रात पेट्रोल पम्प के पीछे बैठा था तभी पल्सर बाइक में सवार होकर आरोपी तारा यादव, मार्शल पाल तथा मिक्की यादव बैठे थे। जो उसके पास आए और पुराने मामले में समझौता करने की बात करने लगे। तभी तारा यादव ने गाली गलौज करते हुए कट्टा (रिवाल्वर) निकालकर तीन फायर कर दिए। जिसमें से एक गोली घायल के वायें पैर के घुटने के नीचे धंस गयी। तभी घायल के साथी प्रेम, अनमोल डुमार एवं टीटू आ गए। जिन्हें देखकर तीनो आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, विवेचना में लिया है।

# फ्रेट लोडिंग से अक्टूबर माह में 03 करोड़ का रेल राजस्व


जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल ने 2021 के अक्टूबर माह में लादान और राजस्व में माल ढुलाई के आंकड़ों में उतरोत्तर वृद्धि प्राप्त की है। मिशन मोड के तहत पमरे ने तीनों मंडलों में माह अक्टूबर 2021 में लोडिंग के क्षेत्र में नयी-नयी दशाओं और दिशाओं को खोज कर नये आयाम स्थापित किये है। तीनों मण्डलों में व्यापार विकास इकाइयां स्थापित किया गया है। जिसमें रेल अधिकारियों एवं लोडिंग करने वाले व्यापारियों का समूह नामित होता है। गौरतलब है कि माल ढुलाई को बेहद आकर्षक बनाने के लिए रेलवे द्वारा कई तरह की रियायतें/ छूट एवं सुविधाएं भी दी जा रही हैं। जिससे व्यापारी अधिक से अधिक रेलवे की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। इसके अंतर्गत पमरे ने अपने परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादको को ढूंढ निकाला है और उनकी सुविधानुसार साइडिंगो को खोलने का उपक्रम भी किया। इसके साथ ही व्यापारियों को सूचना के वास्तविक समय के आदान-प्रदान के लिए माल ढुलाई का एक रेलवे व्हाट्सएप समूह ग्रुप बनाए गए हैं। जिसके सुखद और लाभदायक परिणाम स्वरूप पमरे ने अक्टूबर 2021 माह में रुपये 03 करोड़ों की रेलवे राजस्व प्राप्त किया। जबलपुर मण्डल ने नयी फ्रेट लोडिंग के तहत निवार स्टेशन से अल्ट्रा टेक सीमेंट साइडिंग के लिए 01 रेक लेटराइट सॉइल की लोडिंग की गई। जिससे रेलवे को रुपये 81 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई।

**खाद्यान्न लोडिंग :-**

जबलपुर मण्डल के भड़ाघाट स्टेशन से गांधीधाम स्टेशन (अहमदाबाद मण्डल) के लिए 01 रेक खाद्यान्न की लोडिंग की गई। इससे रेलवे को रुपये 39 लाख की आय प्राप्त हुई। पश्चिम मध्य रेल में माल ढुलाई को बहुत आकर्षक एवं व्यापारियों को सुलभ और सुविधाजनक बनाने के लिए कई तरह के रियायतें/छूट भी दी जा रही है। छोट व्यापारियों के माल को ध्यान में रखकर नियमों में शिथिलता प्रदान की गई है। रेकों की ट्रेकिंग कर व्यापारियों को उनके कंसाइनमेंट की समय पर सटीक जानकारी दी जा रही है। मौजूदा नेटवर्क में मालगाड़ियों की गति में वृद्धि की गई है।मालगा?ियों में गति में वृद्धि होने से हितधारकों की लागत में आश्चर्यजनक बचत हो रही है।

# कल से ट्रेन के एसी कोच में नहीं रहेंगे कर्मचारी

## बेस्ट सेंटर रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने लिया निर्णय



जबलपुर यश भारत। वेस्ट सेंट्रल रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के जबलपुर के एसी कोच मैकेनिक व ट्रेन लाइटिंग स्टाफ आगामी 22 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है. यानी जबलपुर से प्रारंभ होने वाली हर ट्रेन के एसी कोच में कर्मचारी नहीं रहेंगे. यह निर्णय वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) के तत्वावधान में कोचिंग काम्पलेक्स में पिछले 6 दिनों से चली आ रही क्रमिक भूख हड़ताल को रेल प्रशासन द्वारा गंभीरता से नहीं लेने के कारण लिया गया है.

पत्र लिखने के बाद भी नहीं हुआ समाधान

इस संबंध में यूनियन के मंडल सचिव नवीन लिटोरिया ने बताया कि ए.सी. मैकेनिकों एवं ट्रेन लाइटिंग स्टाफ की लम्बित समस्याओं के निराकरण हेतु वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने मंडल प्रशासन को कई पत्र लिखा . हर फोरम पर बातचीत की, किन्तु मंडल प्रशासन की लापरवाही व उदासीनता के कारण कोई समाधान नहीं निकल पाया. अंतत- मजबूरन यूनियन के बैनर तले एसीटीएल कर्मचारी 15 नवम्बर से क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं. साथ ही 22 नवम्बर से सामूहिक काम बंद करने का निर्णय लिया है. शनिवार को मंडल सचिव का. नवीन लिटोरिया ने माला पहनाकर व जूस पिलाकर कल से भूख हड़ताल पर बैठे का. जितेन्द्र राय, का. सुनील नागवंशी, का. काशीराम गुर्जर को उठाया एवं का. संजय चौहान, का. अनिल जोशी, का. रिजवान को तिलक लगाकर व माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बिठाया.

कर्मचारियों की यह है मांगें

यूनियन के मंडल सचिव का. नवीन लिटोरिया ने बताया कि 10-11 एसी कोच वाली गाडियों में एक.ष्ट मेकेनिक से ड्यूटी करायी जा रही है, जबकि रेलवे बोर्ड ने 05 एसी कोच से ज्यादा होने पर 02 एसी मेकेनिक लगाने के स्पष्ट निर्देश दिये हैं. इसके अलावा पावर कार का मेन्टीनेंस, स्लीपर व जनरल कोचों मे आयी खराबी को भी ए.सी. कोच मैकेनिक से ही दबाव डालकर ठीक कराया जाता है. 50 से 60 घंटे की यात्रा के दौरान एसी कोच मैकेनिक को बैठने या लेटने के लिये सीट/बर्थ उपलब्ध न होने के कारण एसी मैकेनिक खड़े खड़े जबलपुर से सोमनाथ, जम्मूतवी व गाड़ी के अंतिम पड़ाव तक ड्यूटी करता है. इस कारण सभी एसीटीएल स्टाफ बीमार हो रहे हैं. मंडल प्रशासन इस प्रकार की हठधर्मिता व तानाशाही केवल कुछ रुपये ओवर टाइम बचाने के लिये कर रहा है,

# हरि का नाम जीवन को राह दिखाता है

जबलपुर। मानव जीवन में काम क्रोध मो ह विनाश के कारण, सत्य निष्ठा हरि का नाम जीवन को राह दिखाता है। उक्त प्रसंग की व्याख्या धनवंतरी नगर में चल रही श्रीमद भागवत कथा मेंकथावाचक 9 वर्षीय बाल विदुषी श्री कृष्ण भाव नंदनी श्री मुख से की। उन्होंने जीवन को नशा मुक्त भ्रष्ट मुक्त जीवन पर प्रकाश डाला । आसपास के अनेक संस्थाओं के गणमान्य नागरिक गण धर्म लाभ अर्जित किया स्वयं सिद्ध श्री लाल बाबा मंदिर दादा दरबार सेवा समिति का स्थान वृंदावन धाम की अलौकिक छटा में परिवर्तित हुआ मुख्य जजमान सुश्री रानू शर्मा अर्जुन पटेल सुनील सेन राजेश सेन प्रभा पूनम रोशन आनंद निशा तिवारी आदि मुख्य रूप से मुख्य जजमान का निर्वहन किया जा रहा है समिति के संरक्षक गोपाल पटेल श्रीमती सावित्री कृष्ण सुखीराम कुसुमलता पटेल श्रीमती पार्वती द्वारा भक्ति संगीत अद्भुत नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की अशोक चंद दीक्षित डॉक्टर संदीप नेमा डीके परोहा रोशन आनंद गोविंद प्रसाद कोरी द्वारा निशक्त जनों की सेवा का संकल्प लिया संपूर्ण नगरी धर्म ध्वजा के साथ निष्कलंक जीवन मानवता के साथ जीना ही एक आदर्श जीवन होता है अनेक दृष्टांत ओं के साथ कथावाचक बाल्यावस्था में लोगों को जागरूक कर रहे ह।

# पाटन में धान के गोदामों एवं राइस मिलों के स्टॉक की जांच

## कटंगी में बाहर से धान लेकर आये दो वाहन जप्त

जबलपुर। किसानों की आड़ लेकर धान उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करने वाले बिचौलियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गोदामों एवं धान के संभावित भण्डारण स्थलों की जाँच प्रारम्भ कर दी गई है। इसी सिलसिले में आज शनिवार को तहसीलदार पाटन प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव एवं मण्डी सचिव सुनील पांडेय के साथ पाटन में धान गोदामों एवं राइस मिलों के स्टॉक का निरीक्षण किया गया। साथ ही कटंगी में वाहनों में बाहर से आ रही धान की भी जांच की गई। जांच के दौरान पतलोनी तेंदूखेड़ा से धान लेकर आये संदिग्ध वाहन को लुहारी सोसायटी के प्रांगण से जप्त किया गया। इसी तरह मंडला जिले से धान लेकर आये एक अन्य वाहन को भी कटंगी में संदिग्ध रूप से खड़ा पाये जाने पर कटंगी थाना प्रभारी की सुपर्दगी में सौंपा गया। तहसीलदार पाटन प्रमोद चतुर्वेदी के अनुसार दोनों मामलों में प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## धनवंतरी नगर में दो घरों के टूटे ताले

# परिजन गए थे उत्तरप्रदेश, दूसरे तिलवारा में कर रहे थे मां नर्मदा के दर्शन

जबलपुर, यशभारत। संजीवनी नगर के धनवंतरी नगर में शनिवार की रात दो सूने घरों के ताले चोरों ने तोड़कर, हजारों के कीमती जेवरात और नगदी पार कर, रफूचक्कर हो गए। एक परिवार मां नर्मदा के दर्शन करने गया था और वहीं दूसरा परिवार बलिया उत्तर प्रदेश की यात्रा में था। पुलिस ने दोनों की मामले दर्ज कर, जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सीमा सोंधिया 33 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर ने बताया कि वह पिपरिया होशंगाबाद में शासकीय रेडियोग्राफर है। सप्ताह में आना-जाना करती है। शनिवार की दरमियानी रात अपनी मम्मी पार्वती , बहन लता सोंधिया के साथ तिलवारा स्नान के लिये गयी थी। अलसुबह घर आकर देखा तो उसके घर के गेट का ताला टूटा था, अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था, लॉकर से सोने के कंगन, झुमकी, 2 चैन, 2 अंगूठी, चांदी की 2 जोड़ी पायल एक करधन , 4 चांदी के कंगन और नगदी रुपए गायब थे।



मामा-मामी का घर चोरों ने कर दिया साफ

इसी प्रकार प्रियंका वर्मा 23 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर ने पुलिस को बताया कि उसके मामामामी अपने पेत्रिक गांव बलिया उत्तरप्रदेश गये थे तथा वह मण्डला रिश्तेदारी में गई थी। अलसुबह पड़ोसी ने सूचना दी कि घर के दरवाजे का ताला टूटा है। वह मंडला से मामा के घर पहुंची तो वहां दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो 2 दरवाजों के ताले टूटे हुये थे। सामान बिखरा पड़ा था और घर में रखे 2 बक्सों के ताले भी टूटे हुये थे, जिसमें सोने चांदी के जेवर एवं नगदी 10 हजार रूपये गायब थे। चोरी हुई है यह मामा-मामी के आने के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# शैक्षिक पाठ्यक्रमों में बदलाव जरूरी

**जबलपुर।** भारत में राष्ट्रीय स्वाभिमान को कमजोर करने के प्रयास सदियों से निरंतर जारी हैं।राष्ट्रीय स्वाभिमान के विकास और उसके संरक्षण - संवर्धन हेतु शैक्षिक पाठ्यक्रमों में बदलाव आवश्यक है। पाठ्यक्रम में देश की एकता,अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले महापुरुषों और बलिदानियों के जीवन बृत्तांतों को शामिल किया जाना चाहिए। उक्त उद्गार भारत रक्षा मंच द्वारा यश हायर सेकेंड्री स्कूल गोहलपुर में भारत रक्षा मंच द्वारा राष्ट्रीय स्वाभिमान और शैक्षिक पाठ्यक्रम विषय पर आयोजित विचार संगोष्ठी में मुख्य वक्ता व मंच के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर ने व्यक्त किए। मुख्य अतिथि व राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक है कि हम इसे कमजोर करने वाले अकबर महान और सिकंदर महान जैसे हजारों पूर्णत: असत्य तथ्यों को पाठ्यक्रम से बाहर कर पोरस महान और प्रताप महान जैसे वास्तविक तथ्यों को शैक्षिक पाठ्यक्रमों में शामिल करें। कार्यक्रम अध्यक्ष और स्काउट - गाइड आयुक्त अजय तिवारी ने नैतिक शिक्षा को पूरी स्कूली शिक्षा का अनिवार्य अंग बनाने की बात कही। गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि श्रीमती रागिनी दीक्षित व डॉ. विजय कांत तिवारी ने वर्तमान पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय स्वाभिमान के विपरीत बताया। संगोष्ठी में पूर्व पार्षद मुरली दुबे, आशुतोष तिवारी,श्रीमती सोनल तिवारी, शानू मिश्रा व निशा पाठक ने भी विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष जीवेश पांडे, सुमित पयासी, डॉ. रोहित आचार्य,पिंटू पटेल,मनोहर गुप्ता व सत्य प्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एच. पी. तिवारी ने तथा आभार प्रदर्शन जीवेश पांडे ने किया।

# वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाने बुजुर्गों ने दिखाया उत्साह

जबलपुर। कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने जबलपुर जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान के प्रति बुजुर्गों में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। बुजुर्ग वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाने में पीछे नहीं हैं। अभी तक जिले में साठ वर्ष से अधिक आयु के 2 लाख 62 हजार 933 व्यक्ति कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगवा चुके हैं जो 2 लाख 49 हजार 357 के लक्ष्य से पांच फीसदी ज्यादा है।बुजुर्ग अपने परिवारजनों के साथ स्व-प्रेरणा से टीकाकरण केंद्र जाकर कोरोना के संक्रमण से खुद को सुरक्षित करने वैक्सीन की दूसरी डोज लगवा रहे हैं। इसी क्रम में आज शनिवार को बीटी तिराहा स्थित हितकारिणी कन्या शाला के टीकाकरण केंद्र में नरसिंहपुर जिले के ग्राम कौ?या गाडरवारा से आई 90 वर्षीय सुशीला बाई ने कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाई। इसी तरह गोहलपुर हिंदी स्कूल के टीकाकरण केंद्र में 89 वर्षीय रामकृष्ण पांडे ने दूसरी डोज लगवाकर कोरोना के संक्रमण से अपने आप को सुरक्षित किया। एक और वृद्ध महिला 91 वर्षीय श्यामा बाई ने भी शनिवार को बीटी तिराहा स्थित हितकारिणी स्कूल में कोरोना के टीके का दूसरी डोज लगवाकर अन्य लोगों के सामने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।

## उद्योग व चिकित्सा क्षेत्र में आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस पर संगोष्ठी

# भारत के वैज्ञानिक व इंजीनियर पूरी दुनिया में पाते हैं सम्मान

जबलपुर। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा के मुख्य आतिथ्य में आज उद्योग व चिकित्सा क्षेत्र में आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस के उपयोग के संबंध में सिविल लाइन स्थित द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के सर विश्ववैश्वरैया सभाकक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर के सांसद राकेश सिंह थे तथा इस संगोष्ठी में देश के कई भागों से आये प्रतिष्ठित इंजीनियर्स उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में मंत्री श्री सखलेचा ने आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस के उपयोग के संबंध में आयोजित संगोष्ठी में स्वयं को पाकर गौरवशाली मानते हुए कहा कि दुनिया में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भारतीय प्रतिभाओं का वर्तमान में ही नहीं पहले से ही एक प्रतिष्ठित स्थान रहा है। भारत का वैज्ञानिक व इंजीनियर पूरी दुनिया में सम्मान पाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय इंजीनियर को उस स्तर तक पहुंचना चाहिए और अब आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस की दिशा में भारत का नाम रोशन करें। आत्मनिर्भर भारत को बनाने में उद्योग व चिकित्सा क्षेत्र के साथ अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर काम हो। आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस से विश्व की कई धारणायें बदल सकती हैं और यह मानवता के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में इस दिशा में कई अवसर हैं उन्हें पहचानें और इस पर कार्य करने की आवश्यकता है। आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जिससे पूरा तरीका बदला जा सकता है अत- इस दिशा में कार्य करने का प्रयास हो।संगोष्ठी में सांसद श्री सिंह ने कहा कि आज बड़ा ही सौभाग्य का दिन है कि आर्टीफिशयल इंटेलीजेंसी के संबंध में प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व इंजीनियर्स के साथ संवाद हुआ। उन्होंने भारतीय ज्ञान का खजाना के संबंध में कहा कि बहुत से लोगों को यह भ्रम होता है कि तकनीक बाहर से ली गई है लेकिन देश के प्राचीनतम मंदिर व अनेक स्थापत्य से यह सिद्ध होता है कि यहां के इंजीनियर्स सर्वश्रेष्ठ हैं। जबलपुर पहले से ही इंजीनियरिंग का हब है, 75 साल पहले जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की शुरूआत हुई।

## जिला शिक्षा अधिकारी का फरमान, शिक्षक परेशान

# बगौर अनुमति के कार्यालय न पहुंचे

**जबलपुर यशभारत।** विकासखंड सिहोरा के ऐसे कर्मचारी जिन्हें कोई समस्या है वह अपना प्रकरण पहले परिवेदना पोर्टल पर दर्ज कराएं और इसके बाद सीएम हेल्पलाइन लगाएंगे। आवश्यकता होने पर प्राचार्य की अनुमति लेकर ही वरिष्ठ कार्यालय जाएंगे। शिक्षक अपने स्वत्वों के प्रकरण को लेकर डीईओ कार्यालय नहीं जाएंगे। ऐसे प्रकरण क्लर्क या भृत्य के माध्यम से डीईओ कार्यालय जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने यह निर्देश बीते दिनों आयोजित हुई प्राचार्यों की बैठक में दिए।





उक्त निदेर्शों को लेकर बीआरसी शिक्षा अधिकारी सिहोरा ने बताया कि नवंबर माह में कक्षा 10वीं, 12वीं की परीक्षा होना है। इसकी तैयारी के लिए छात्रों को सूचित करें। एकीकृत शालाओं का नियंत्रण प्राचार्य, प्रधानाचार्य के पास रहेगा। स्कूल परिसर साफ-सुथरे चमकते हों, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। क्रीड़ा शुल्क, रेडक्रास, अंशदान समय पर डीईओ व जेडी कायाज़्लय में जमा करें। खेल का कालखंड अंतिम ना होकर मध्य में रखा जाए, एनपीएस के बिल वेतन देयक के साथ इस कार्यालय में जमा करें। क्रमोन्नति प्रस्ताव नियमानुसार प्रस्तुत किए जाएं। जिन्होंने पदोन्नति त्याग दी है उनकी प्रस्ताव ना भेजें। समस्त शिक्षकों की गोपनीय चरित्रावली तैयार करने, ई-सविज़्स बुक पोटज़्ल पर अपडेट करने, प्रयोगशाला में विद्याथिज़्यों को निधाज़्रित विषयों को प्रयोग कराने, पुस्तकालय साफसुथरा रखने, शाला में कोविड नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

**वैदिक ज्योतिष समाधान**

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी विवाद/प्रापर्टी विवाद,पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM

जबलपुर
रविवार, 21 नवम्बर 2021
यश भारत

# हवा में धूल के कणों का स्तर 300 से अधिक, होना चाहिए 100 से कम

**भोपाल।** शहरवासी जो हवा ले रहे हैं, उसमें धूल के कणों का स्तर 300 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से अधिक है, जो कि 100 से कम होना चाहिए। इन कणों का स्तर सामान्य से दोगुना अधिक है। इसका मतलब नागरिक जो सांस ले रहे हैं, उसके साथ शरीर में धूल के कण भी जा रहे हैं। ये कण बीमार, बुजुर्ग, बच्चों के साथ-साथ स्वस्थ व्यक्ति के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करने वाले हैं। जानकारों के मुताबिक इसके लिए खराब सड़कें मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।



इन्हीं खराब सड़कों से धूल निकल रही है और वातावरण में फैल रही है, जो हवा की सेहत को प्रदूषित कर रही है। वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कारकों पर नियंत्रण बेअसर है। जिसकी वजह से धूल, धुआं, विभिन्न् हानिकारक गैसों के कणों का स्तर सामान्य से अधिक है। इन कारकों का स्तर बढ़ने के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से अधिक पहुंच रहा है जो कि 50 तक या उससे नीचे होना चाहिए। यह सूचकांक हवा में प्रदूषण की स्थिति को बताता है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को पूरे दिन टीटी नगर, कोलार, भेल, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, हमीदिया रोड, होशंगाबाद रोड क्षेत्र में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 10, पीएम 2.5, नाइट्रोजन डाइआक्साइड और कार्बन मोनो आक्साइड का स्तर सामान्य से अधिक था। इसके कारण शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक शाम को 321 तक पहुंच गया था। यह स्थिति रोज बन रही है। ठंड के बढ़ने के साथ हवा और प्रदूषित होगी।

पीएम 2.5 व पीएम 10 धूल के कण ही हैं। इनका स्तर लगातार बढ़ा हुआ है। इसकी दो मुख्य वजह है एक तो सड़कें खराब हैं और दूसरा शहर के अंदर व आसपास के क्षेत्रों में निर्माण कार्य बिना ढंके किए जा रहे हैं। धूल के कणों पर नियंत्रण जरूरी है। तभी हवा की सेहत ठीक होगी।

**- पीआर देव, सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक, पीसीबी**

कोरोना के नियंत्रण में आने के बाद निर्माण गतिविधियां बढ़ गई हैं। जिसकी वजह से धूल का स्तर बढ़ा हुआ है। सभी एजेंसियां व विभाग इस पर नियंत्रण की कोशिशें कर रहे हैं।

**- बृजेश शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी पीसीबी, भोपाल**

# अवैध कालोनी निर्माण रोकने बड़ा कदम

## पूरा विकास होने तक सरकार के बंधन में रहेंगे भूखंड



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अवैध कालोनियों के निर्माण पर सख्ती से रोक लगाने के लिए राज्य सरकार नियमों को अंतिम रूप दे रही है। नए नियम दिसंबर माह में लागू किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद मध्य प्रदेश में अवैध कालोनियां नहीं पनप सकेंगी। नियमों में बगैर अनुमति कालोनी विकसित करने वाले बिल्डर और उस क्षेत्र-निकाय के जिम्मेदार अकिारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के प्रविधान प्रस्तावित हैं। बिल्डर को कालोनी विकसित करने से पहले नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त से मंजूरी लेनी होगी और कालोनी का पूरा विकास होने तक भूखंड बंक रहेंगे। इन्हें विकास की गति के अनुसार मुक्त किया जाएगा। राज्य सरकार मध्य प्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 तैयार करवा रही है। नियमों पर जनप्रतिनिधियों और आमजन से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे। इस पर विस्तार से कार्यशाला भी हो चुकी है। इसमें विधायकों, सांसद और पार्षदों ने खुलकर अपने विचार रखे थे। वहीं प्रदेशभर से आपत्तियां और सुझाव भी आ चुके हैं। आपत्तियों का निराकरण किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि अगले 10 से 15 दिन में आपत्तियों-सुझावों के आार पर प्रस्तावित नियमों में आंशिक संशोधन कर उन्हें लागू किया जा सकता है। नए नियमों के अनुसार कोई भी बिल्डर नगरीय प्रशासन और विकास आयुक्त की मंजूरी के बगैर न कालोनी विकसित कर सकेगा और न ही उसके भूखंड बेच सकेगा। बिल्डर को कालोनी विकसित करने की अनुमति मिलने के पांच साल के अंदर आंतरिक विकास कार्य पूरे करने होंगे। उसे कालोनी में भवन निर्माण की मंजूरी तभी मिलेगी, जब कालोनी विकसित करने की मंजूरी पहले से ली गई हो। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दशक में प्रदेशभर में सैकड़ों अवैध कालोनियां पनप चुकी हैं, जिन्हें सरकार कुछ शर्तों के साथ वैध कर रही है। नए नियमों में अवैध कालोनी विकसित होने पर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं आवास डेवलपर या भूमि-स्वामी को 15 दिन का नोटिस देकर विकास कार्य रोकने के निर्देश दे सकेंगे। संतोषजनक जवाब न आने पर निर्माण कार्य रोकने के लिए 15 दिन का नोटिस देंगे। साथ ही कालोनी में विक्रय अनुबंध पत्रों के पंजीयन पर रोक लगाने के लिए सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आमजन को चेतावनी भी देंगे। पंजीयन के बाद कालोनी की अनुमति की सूची अखबारों में प्रकाशित कराएंगे और विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड करेंगे। वहीं बिल्डर गलत जानकारी देकर पंजीयन करवाने में सफल होता है, तो प्राधिकारी उसे रद कर सकेगा। हालांकि बिल्डर को 30 दिन में राज्य शासन के समक्ष अपील करने का अधिकार दिया जा रहा है। काम के आधार पर बंधन मुक्त होगी संपत्ति बिल्डरों के काम के आार पर सक्षम प्राधिकारी बंधक संपत्ति को क्रमश- मुक्त करेगा। बिल्डर 50 प्रतिशत विकास कार्य पूरा करेगा, तो 50 प्रतिशत भवन या भूखंड, 75 प्रतिशत काम पूरा करने पर अगले 25 प्रतिशत और सौ प्रतिशत काम पूरा करने पर शेष 25 प्रतिशत भवन या भूखंड बंन से मुक्त किए जाएंगे।

# भोपाल देश का 7वां सबसे साफ शहर

**भोपाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में भोपाल देश का 7वां सबसे साफ-सुथरा शहर बन गया है। वहीं, बेस्ट सेल्फ सस्टेनेबल कैपिटल का खिताब भी मिला है। यह रैंकिंग और अवार्ड पिछले साल भी मिले थे। इसके अलावा सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में भोपाल तीसरे नंबर पर

**बेस्ट सेल्फ सस्टेनेबल कैपिटल का अवार्ड भी; सीवेज, पॉलिथीन और खुले में कचरा फेंकना रोके बगैर नंबर 1 बनना मुश्किल**

रहा। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में मध्यप्रदेश के टॉप-20 शहरों में चार महानगर इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर शामिल हैं। हालांकि, सीवेज, पॉलिथीन का उपयोग और खुले में कचरा फेंकने जैसी समस्याओं के कारण भोपाल का इंदौर को पछा? पाना ख्वाब जैसा ही माना जा रहा है। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में इंदौर ने जहां नंबर-1 की पॉजिशन हासिल की है। वहीं, राजधानी भोपाल 7वें नंबर पर रहा। उसे 6000 में से 4783.53 अंक मिले हैं। सेल्फ सस्टेनेबल कैपिटल ऑफ इंडिया का अवार्ड भी मिला। यह अवार्ड पिछले साल भी भोपाल को मिला था। इस बार नए अवार्ड के रूप में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में थर्ड पॉजिशन हासिल हुई है। इसमें निगम को 3 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### इन्होंने हासिल किया अवार्ड

सफाई मित्र चैलेंज की तीसरी रैंक हासिल करने पर अवार्ड कमिश्नर कोलसानी ने लिया। सफाई में सातवां स्थान हासिल करने पर अवार्ड अपर आयुक्त सिंह, निगम के अधीक्षण यंत्री आरके सक्सेना व अन्य अधिकारियों ने लिया। गार्वेज फ्री सिटी में भोपाल को थ्री स्टॅार रैंकिंग मिली। निगम के सहायक यंत्री शालिनी सिंह, सौरभ सूद समेत प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजीव सक्सेना, राकेश शर्मा, जाह्नवी दुबे ने अवार्ड लिया। भोपाल को सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में थर्ड पॉजिशन हासिल हुई है। भोपाल को सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में थर्ड पॉजिशन हासिल हुई है। उसका सर्टिफिकेट।

### दूसरे साल भी पॉजिशन बरकरार

स्वच्छ सर्वेक्षण में भोपाल ने 2017 और 2018 में लगातार दो साल देश में दूसरी रैंक हासिल की थी। 2019 में भोपाल खिसककर 19वें नंबर पर आ गया था। उस समय अफसरों के लगातार तबादले के कारण तैयारियों की दिशा ही तय नहीं हो पाई थीं, लेकिन 2020 में कम बैक करते हुए 12 पायदान ऊपर खिसका और 7वीं रैंक हासिल की। इस बार भी 7वां स्थान हासिल किया है।

# युवती को प्रेम जाल में फंसा टेक्नीशियन ने 3 साल तक किया यौन शोषण, गिरफ्तार

**भोपाल।** ऐशबाग इलाके में रहने वाली युवती को प्रेम जाल में फंसा कर टेक्नीशियन ने 3 साल तक उसका यौन शोषण किया। इसके बाद शादी से मुकर गया। दोनों की दोस्ती वर्ष 2016 में हुई थी। जुलाई 2016 में आरोपी ने युवती के साथ पहली बार गलत काम किया। इसके बाद 3 साल तक उसके साथ संबंध बनाए। टीला जमालपुरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक ऐशबाग की रहने वाली 31 साल की युवती प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। वर्ष 2016 में उसकी पहचान कंपनी में साथ काम करने वाले सरीन खान से हुई। सरीन टेक्नीशियन है। युवती ने बताया कि 17 जुलाई 2016 को सरीन उसे अपने मकान पुतली घर इलाके में लेकर पहुंचा। वह परिवार के सदस्यों से मिलवाने के बहाने उसे लेकर गया था। लेकिन, घर में कोई नहीं था। यहां आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती ने इसका विरोध किया। इस पर आरोपी ने उसे शादी करने का वादा दिया। युवती का कहना है कि इसके बाद से कई बार आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। वर्ष 2019 में दोनों की दोस्ती टूट गई।

# स्कॉलरशिप रुकी: नीट, जेईई के साथ ओबीसी के 6 लाख कॉलेज छात्रों की 1200 करोड़ की स्कॉलरशिप रुकी

**भोपाल।** कॉलेज की पढ़ाई कर रहे मप्र के ओबीसी वर्ग के छह लाख छात्रों को मिलने वाली स्कॉलरशिप रुक गई है। वर्ष 2021-22 में अब तक एक भी विद्यार्थी को स्कॉलरशिप स्कीम का यह पैसा नहीं मिला। सरकार इसमें बजट की कमी बता रही है, लेकिन पिछले तीन सालों से स्कॉलरशिप के बजट की यही स्थिति है। यह स्कॉलरशिप उन विद्यार्थियों को मिलती है जो आईआईटी, आईआईएम, आईआईएफएम, मेडिकल में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट), इंजीनियरिंग में प्रवेश की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी (एनएलआईयू), बीई, एमएससी विद कंप्यूटर समेत कॉलेज के बेसिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि वर्ष 2019-20 से लेकर अभी तक स्कॉलरशिप के 1600 करोड़ रुपए छात्रों को मिलने हैं।

वर्ष 2021-22 में सरकार से 419 करोड़ स्कॉलरशिप स्कीम को मिले। अभी भी 2021-22 के छह लाख, 2020-21 के तीन लाख और 2019-20 के डे? लाख छात्रों को स्कॉलरशिप का इंतजार है। हाल म



अन्य पिछड़ा वर्ग एवं परिवार कल्याण विभाग ने शासन को मौजूदा स्थिति की जानकारी दी। मुख्य सचिव की मॉनिटरिंग में भी पूरा मसला है, लेकिन अभी तक स्कॉलरशिप का पैसा रिलीज नहीं किया गया।

### विभाग का तर्क- फीस बढ़ने से ऐसा हुआ

विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि 2018 में फीस रिवाइज होने के बाद राशि एकदम से बढ़ी। इसी कारण बजट की दिक्कत है। जेईई-मेंस से बीई - पहले 22300 रुपए लगते थे, अब 40 हजार। मेडिकल नीट - पहले 50 हजार देना पड़ता था, अब निजी कॉलेजों की फीस भी देते हैं जो 7 लाख से 15 लाख रुपए तक होती है। एमएससी विद कंप्यूटर - पहले 3-4 हजार रुपए, अब 15-16 हजार रु.। हॉस्टलर को पहले 420 रुपए प्रतिदिन और अब 840 रुपए एमपी टॉस्क से जुड़ेंगे छात्र स्कॉलरशिप वितरण का काम एनआईसी के पास है, जिसे जल्द एमपी टॉस्क के सुपुर्द कर दिया जाएगा। अजा-अजजा की स्कॉलरशिप एमपी टॉस्क के जरिए ही बंटती है।

### हॉस्टल के छात्र को मेंटेनेंस भत्ता भी नहीं

मेंटेनेंस भत्ता हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को मिलता है। यह प्रति छात्र हर माह 820 रुपए है। इसी तरह डे-हॉस्टल वाले छात्रों को 460 रुपए मिलते हैं। यह पैसा भी किसी छात्र को नहीं मिला है।

### ओबीसी को दिक्कत इसलिए

अजा और अजजा वर्ग के क्षेत्रों की स्कॉलरशिप स्कीम में 90त्न पैसा केंद्र देता है। ओबीसी वर्ग के लिए ऐसा नहीं है। यहां सिर्फ 50 करोड़ रु. हर साल मिलते हैं। यह राशि भी उसकी है, जो बच्चे राष्ट्रीय स्तर की उच्च शिक्षा में प्रवेश लेते हैं।

बजट की थोड़ी कमी बनी हुई है। कई कॉलेजों ने अभी तक अपडेट डेटा विभाग को नहीं भेजा। उपस्थिति की जानकारी भेजना होती है। इन्हीं आधारों पर स्कॉलरशिप दी जाती है।'

**- एमके अग्रवाल,सचिव, पिछड़ा**

# रामेश्वर को पूर्व विधायक की भी चुनौती

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बाद अब हुजूर सीट से पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा ने भी रामेश्वर शर्मा को चुनौती दी है। जितेन्द्र डागा ने हुजूर से विधायक और पूर्व प्रोटेम स्वीकर रामेश्वर शर्मा को कहा कि यदि उन्होंने अपनी मां का दूध पिया है, तो वे उनके घुटने तोड़कर दिखाएं। वह रविवार को कलखेड़ा पहुंच रहे हैं। बता दें कि रामेश्वर शर्मा के कलखेड़ा में एक कार्यक्रम में कांग्रेस को लेकर कहा था कि यदि कोई कांग्रेस का आदमी आए, तो उसके घुटने तोड़ देना। इस पर पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा ने प्रतिक्रिया दी। डागा ने कहा कि कांग्रेस गांधी जी के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। हम अहिंसावादी है, लेकिन जिस तरह गांधी जी ने अंग्रेजों का सामना किया था। हम उन अंग्रेजों की शैली पर चलकर हिंसा और आतंक फैलाने वालों का अहिंसावादी तरीके से ही विरोध करेंगे। हमने तो अपनी मां का दूध पिया है। हम गलत लोगों का विरोध करेंगे। जनता को इनकी असलियत बताएंगे, यदि विधायक मां का दूध पिया हो तो मेरे सामने आएं।

# सिर्फ दो घंटे ही लगाई जाएंगी क्लासेस

**भोपाल।** सभी स्कूल 100 फीसदी क्षमता के साथ खुलने लगेंगे। 18 महीने बाद प्री नर्सरी, नर्सरी केजी वन, केजी टू की कक्षाएं भी लगाई जाएंगी। स्कूल संचालकों का कहना है कि विंटर सीजन और मौजूदा हालात को देखते हुए छोटे बच्चों की यह क्लासेस सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सिर्फ 2 घंटे ही लगाई जाएंगी। शहर के ऐसे ही एक प्री प्राइमरी स्कूल की डायरेक्टर नीति भूषण का कहना है कि प्री नर्सरी, नर्सरी, केजी वन, केजी टू स्टूडेंट्स के कई पैरेंट्स ने ऑफलाइन क्लासेस के लिए अपनी सहमति दी है। कई पेरेंट्स अभी भी अपने इतने छोटे बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाहते। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि जब 100 फ़ीसदी स्टूडेंट्स स्कूलों में



पहुंचेंगे तो व्यवहारिक तौर पर ऑनलाइन क्लासेस नहीं ली जा सकेंगी।

इसकी वजह यह है कि जो टीचर ऑफलाइन क्लासेस लेंगे, उन्हें ही ऑनलाइन क्लासेस भी लेनी होती है। विभाग ने 100 फीसदी स्कूल खोलने के मामले में एक प्रस्ताव मुख्य सचिव को भेजा है। बताया यह भी जा रहा है कि इस प्रस्ताव में यह जिक्र किया जा सकता है कि स्कूल चाहे तो ऑनलाइन क्लासेस ले सकेंगे।

### जल्द स्थिति स्पष्ट करें

एसोसिएशन आफ अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स के उपाध्यक्ष विनीराज मोदी एवं सचिव बाबू थॉमस का तर्क है कि प्री नर्सरी, नर्सरी, केजी 1 और केजी 2 जैसी छोटी कक्षाओं के बच्चों को स्कूल में सिर्फ 2 घंटे ही बुलाया जाएगा। हमारी यह मांग है कि राज्य सरकार प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में असेंबली, खेलकूद सहित अन्य गतिविधि को लेकर स्थिति सोमवार से पहले स्पष्ट करें।

# नजीराबाद में महिला की हत्या, बेटा घर पहुंचा, आंगन में खून से लथपथ पड़ी मिली मां

**भोपाल।** भोपाल के नजीराबाद इलाके के कल्याणपुर गांव में महिला की हत्या कर दी गई। उस पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल, हत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस को करीबी पर संदेह है। कल्याणपुर गांव निवासी भूरीबाई (45) पति तोरम सिंह गृहणी थी। तोरम सिंह अपने छोटे बेटे की शादी के लिए लड़की देखने के लिए गए हुए हैं। घर में पत्नी और बड़ा बेटा अनिल था। रोजाना की तरह रविवार सुबह अनिल मवेशियों को चराने के लिए चला गया। दोपहर करीब दो बजे वह वापस लौटा। उसने मवेशियों को बांधने के लिए मां को आवाज दी, लेकिन जवाब नहीं मिला।

# इस बार ज्यादा दिख रहे बाघ



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या 600 हो सकती है। यह अनुमान वन विभाग के अफसरों का है। इसका आधार बुधवार से शुरू हुई बाघ गणना में मिले प्रमाण हैं। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व की तुलना में इस समय बाघ अधिक दिख भी रहे हैं। ये ट्रैप कैमरों के माध्यम से कैप्चर हुए हैं। अभी प्रदेश में 526 बाघ हैं। भोपाल वन मंडल के एसडीओ आरएस भदौरिया ने बताया कि चार चरणों में बाघ गणना का काम जनवरी 2022 तक चलेगा। पहले चरण में होने वाली गणना में भोपाल शामिल है। मंडल की 45 बीट में सात दिनों तक बाघ सहित विभिन्न वन्य प्राणियों के डाटा एकत्रित किए जा रहे हैं। शाकाहारी व मांसाहारी वन्यप्राणियों की गिनती करने के साथ बाघों की मौजूदगी का डाटा कलेक्शन इस बार पेपरलेस हाईटेक तकनीक से किया जा रहा है।

### इन तीन तरीकों से निष्कर्ष निकलेगा

- तीन-तीन दिन बीट गार्ड नेचर ट्रेल और ट्रांजिट लाइन पर चलकर एप में डेटा फीड करेंगे।
- डेटा को डब्ल्यूआईआई एनालिसिस करेगा। सभी मोबाइल एप के डेटा का एकजाई डाटा सामने आएगा।
- कैमरा ट्रैप में रिकॉर्ड बाघ मूवमेंट व रहवास क्षेत्रों के सभी फोटो और वीडियो का एनालिसिस होगा।

**कहां, कौन ज्यादा-**

**समरधा रेंज में बाघ और बैरसिया में तेंदुए ज्यादा-**

भोपाल वनमंडल की समरधा रेंज में बाघ और बैरसिया रेंज में तेंदुए की उपस्थिति के साक्ष्य ज्यादा मिले हैं। पहले गणना का डाटा तय प्रोफार्मा में कागजों में भरकर भेजा जाता था लेकिन एम स्ट्राइप इकोलॉजिकल एप पर डाटा मौके पर ही भरा जा रहा है, जिसे डब्ल्यूआईआई को भेजा जाएगा। इससे गणना का काम तेजी से होगा। वहीं, बाघों की गिनती का नतीजा जल्द सामने आएगा। गणना के दौरान वनकर्मियों ने पैदल चलकर मौके पर मिले साक्ष्य मल, खरोंच के निशान, शिकार का अंश, पगमार्क आदि को एप के कॉलम में फीड किया।

# गायों को 12 महीने मिलेगा हरा चारा

## यूनिट लगाने मिलगा 50 लाख तक अनुदान

**भोपाल।** प्रदेश की गायों को साल भर हरा चारा मिल सके इसके लिए चारा विकास किया जाएगा। इसके तहत सायलेज (हरे चारे) के लिए 50 लाख रुपए तक का अनुदान भी दिया जाएगा। इस विधि में हरे चारे को सुरक्षित रखा जाता है। यह एक प्रकार का सुरक्षित हरा चारा होता है। पशु नस्ल विकास और इससे जुड़े व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत कई तरह की गतिविधियां शुरू की गई हैं। सायलेज के लिए ज्वार, मक्का, बाजारा आदि का भी उपयोग किया जा सकता है क्योंकि इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है। गुड़ के घोल का उपयोग भी इसमें किया जा सकता है। साइलेज में सबसे महत्वपूर्ण यह है गाय सहित अन्य दुधारू पशुओं को लगातार हरे चारे की उपब्धता देना है। इसी के साथ भूसे के फॉडर ब्लाक बनाना भी शामिल है।

### मोलासिस से बढ़ता है स्वाद

पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हमारे यहां भूसे को रखना एक बड़ी समस्या है। इसके लिए पर्याप्त जगह की उपलब्धता एक बड़ी दिक्कत है। अधिकारियों ने बताया कि सायलेज ब्लॉक में भूसे को कंप्रेस कर ब्लाक का रूप दे दिया जाता है। साथ ही इसमें मोलासेस भी मिलाया जाता है। यह गन्ने से निकला हुए एक तरह का मिठास लिये हुए पदार्थ होता है। इसे भी सायलेज ब्लाक में मिलाया जाता है जो दुधारू पशु को अपेक्षाकृत अधिक स्वादिष्ट लगता है पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सायलेस और फॉडर ब्लॉक की उपलब्धता से संबंधित व्यक्ति की आय तो बढ़ेगी ही इसी के साथ दूध का उत्पादन भी अधिक हो सकेगा।

### इसमें 14 तरह की गतिविधियां

14 तरह की गतिविधियों को शामिल कर तीन उप मिशन बनाए गए है। इस योजना में विभिन्न योजना की इकाई लागत 50 से 87 लाख रुपए तक है। इसमें मिलने वाले अनुदान की राशि 25 से 50 लाख रुपए है।

### हितग्राहियों के लिए यह है शर्त

हितग्राही के पास स्वयं की जमीन होना चाहिए। केवाईसी डाक्यूमेंट और प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी होना चाहहिए। बैंक की सहमति भी होना चाहिए। इसके लिए पशुपालन विभाग प्रशिक्षण भी देगा। इसके लिए 30 नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे।

# ईपीएफओ में ई नामांकन जरुरी, नहीं तो अटक जाएगी पेंशन




**भोपाल।** ईपीएफओ में ई-नामांकन कराना जरूरी हो गया है। ऐसा नहीं करने वाले अंशदाताओं की पेंशन व अन्य लाभ अटक सकते हैं। यह बात खुद मप्र व छग के भविष्य निधि आयुक्त अजय मेहरा व अन्य अधिकारियों की तरफ से कही गई है। साथ ही व्यापम अभियान भी चलाया जा रहा है जिसके तहत नियोक्ता और अंशदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। दरअसल, भोपाल क्षेत्र में 3 लाख 36 हजार 571 अंशदाता है। इनमें से महज 10 हजार 47 ने ही ई-नामांकन कराया है। मप्र-छग भविष्य निधि आयुक्त अजय मेहरा ने अभियान को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-एक अमिताभ प्रकाश ने बताया कि विभाग ने सभी नियोक्ताओं को शतत संवाद के जरिए ई-नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया है। अमिताभ प्रकाश ने बताया कि ई-नामांकन कराने की जिम्मेदारी नियोक्ता की है ताकि कर्मचारी के न रहने पर उसके आश्रितों को पेंशन समेत अन्य देयकों का आसानी से भुगतान किया जा सके। पूर्व में कोरोना संक्रमण के कारण कई आश्रितों को परेशान होना पड़ा है।

### ऐसे करें ई-नामांकन

- ईपीएफओ पोर्टल में सर्विसेस सेक्शन में फार एम्प्लाइज पर क्लिक करें।
- सदस्य यूएनए, आनलाइन सर्विस पर क्लिक करें।
- मेंबर पोर्टल जनरेट न हो तो पहले मेंबर पोर्टल जनरेट करें।
- यूएनए नंबर और पासवर्ड डालकर लागइन करें।
- प्रोफाइल पर क्लिक कर सदस्य अपना फोटो और अन्य जानकारी अपडेट करें।
- सदस्य पोर्टल पर मैनेज पर ई नामीनेशन का चयन करें।
- एड फेमिली डिटेल्स पर क्लिक करें और संबंधित का आधार नंबर एवं अन्य डिटेल और फोटो के साथ एड करें। फेमिली में एक से अधिक सदस्य है तो एड-रो पर क्लिक करें और इसी प्रक्रिया को दोहराएं।
- पूरे परिवार का डिटेल अपडेट करने के बाद सेव फेमिली डिटेल पर क्लिक करें। सि नामिनी को कितना प्रतिशत देना है उसे अपडेट करें और सेव ई नामीनेशन पर क्लिक करें।
- आधार की वेबसाइट से सदस्य का आधार नंबर डालकर वर्चुअल आइडी जनरेट करें, जो सदस्य के आधार में रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस के जरिए आएगी।
- अगले सदस्य पोर्टल पर ई-साइन पर क्लिक करें।
- अगले स्टेप पर आधार से जो वर्चुअल आइडी डालकर ओटीपी जनरेट पर क्लिक करें। पुन- आधार से लिंक मोबाइल पर छह अंकों का ओटीपी आएगा। ओटीपी को निर्धारित स्पेस पर डालकर सेव करें।
- सफल ई-नामांकन पर ई नामीनेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और सदस्य ई-नामांकन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर सकते हैं।
- ई-नामांकन में सदस्य को कोई दस्तावेज नियोक्ता या पीडीएफ आफिस में नहीं भेजना है और न ही नियोक्ता से स्वीकृत कराना है।

# श्रेय लेने में माहिर है सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन


**सिवनी यशभारत**

पुरानी कहावत है 'मीठा-मीठा गपई-गप, कड़वा-कड़वा थू-थू'। यह कहावत सिवनी-बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के ऊपर सटिक बैठती है। अक्सर जिले से गुमनाम रहने वाले सांसद बिसेन अलोनिया टोल टैक्स के मामले में झूठी वाहवाही बटोर रहे हैं लेकिन आम जनता इस बात की सच्चाई बखूबी पता है। चूंकि अलोनिया टैक्स अस्थाई रूप से बनाया गया था और इसके लिए वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्रनाथ त्रिपाठी ने याचिका भी दायर की थी। चूंकि 65 किमी के फेर में दो टोलनाके होना पूरी तरह से अवैध हैं जिसे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए बंद करने की बात कही है। इसी दौरान ढालसिंह बिसेन ने सोशल मीडिया में अपना एक पुराना पत्र को माध्यम बनाकर अलोनिया टोक्स बंद किये जाने का श्रेय ले लिया।



असल में 16 नवंबर को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी की गई जिसमें एनएच 7 (नया एनएच 44) में दो टोल प्लाजा संचालित किये जाने का उल्लेख है जिसमें लखनादौन विकासखंड के मढ़ई गांव में एवं कुरई विकासखंड के खवासा में टोल प्लाजा का उल्लेख है जबकि उक्त राजपत्र में अस्थाई टोल नाका का कोई उल्लेख नहीं है जो यह प्रमाणित करता है कि अब अलोनिया टोल नाका बंद हो जायेगा। सूत्र बताते हैं कि जैसे ही इस आशय का प्रकाशन राजपत्र में किया गया वैसे ही बालाघाट सिवनी के सांसद डॉक्टर ढालसिंह बिसेन ने इसका श्रेय लेना शुरू कर दिया और अपनी एफबी में लिखा 'सिवनी - जबलपुर मार्ग पर संचालित अलोनिया टोल प्लाजा के संचालन को रोकने हेतु आदरणीय श्री नितिन गडकरी जी, केंद्रीय मंत्री (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय) से सतत पत्राचार एवं आग्रह पर विगत 26-OCT-2021 को जारी आदेश एवं 16-NOV-2021 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित नोटिफिकेशन के आधार पर अलोनिया टोल प्लाजा का संचालन बंद किया जाएगा जिसके बाद डॉ. ढालसिंह बिसेन के कुछ समर्थको ने भी उन्हें अलोनिया टोल नाका हटाये जाने का श्रेय देना शुरू कर दिया और सोशल मीडिया में सक्रिय हो गये जिसके बाद लोग कहने लगे कि यदि डॉ. ढालसिंह बिसेन के पत्र का इतना ही असर होता है तो वह धीमी गति से चल रहे ब्राडगेज के मामले में पत्र क्यों नहीं लिखते। जब वह अलोनिया टोल नाका हटाये जाने का श्रेय ले रहे हैं तो उन्हें अब तक ब्रॉडगेज प्रारंभ नहीं किये जाने की जिम्मेदारी भी लेना चाहिए।

### ब्राडगेज संघर्ष समिति डॉ. बिसेन पर लगा चुकी है सनसनीखेज आरोप


भारत का राजपत्र
The Gazette of India
EXTRAORDINARY
PUBLISHED BY AUTHORITY

गौरतलब है कि डॉ. ढालसिंह बिसेन के ऊपर ब्रॉडगेज को लेकर कई सनसनीखेज आरोप लग चुके हैं। डॉ ढालसिंह बिसेन झूठा श्रेय लेने के मामले में माहिर है, यदि डॉ. ढालसिंह बिसेन की केंद्र सरकार सुनती है तो फिर उन्हें सिवनी में ब्रॉडगेज शीघ्र प्रारंभ हो इसके लिए प्रयास तेज कर देने चाहिए। लेकिन शायद डॉ. ढालसिंह बिसेन ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि वह इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि ब्रॉडगेज के धीमी गति से चल रहे काम के लिए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से डॉ. बिसेन स्वयं भी जिम्मेदार है, जिनके ऊपर ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनूप बैस पहले भी कई आरोप लगा चुके हैं। बहरहाल जिले के जनता सच्चाई को बखूबी जानती है और डॉ. बिसेन सोशल मीडिया में हंसी के पात्र भी बन रहे हैं। मेहनत किसी और की, श्रेय लूटे कोई और... यह तो राजनीति में चलता रहता है लेकिन डॉ. ढालसिंह बिसेन को ब्राडग्रेज की धीमी गति से कोई सरोकार नहीं है।

# आज सिवनी विधायक प्रकाश महोत्सव पर्व हनुमान घाट मे होंगे शामिल-लक्ष्मी कश्यप

**सिवनी यशभारत**



गुरुनानक देव जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय प्रकाश महोत्सव पर्व पर प्राचीन श्री हनुमान घाट दलसागर तालाब सिवनी मे चल रहै विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहै जिसका मंगल कार्यक्रम मे सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन आज शाम 5बजे प्राचीन श्री हनुमान घाट आएंगे जौ गुरुनानक देव जी सेवा समर्पण सम्मान से नागरिको को सम्मान करेंगे। इस अवसर पर सिख एवं सिंधी समाज के गुरुजनों एवं नागरीक भी शामिल होंगे और लंगर महाप्रसाद वितरण भी किया जायगा उक्ताशय जानकरी संजय शर्मा अध्यक्ष प्राचीन श्री हनुमान घाट जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण समिति ने दी उन्होने बताया कि सामजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी कश्यप के संयोजन एवं पहल पर विभिन्न सामजिक एवं धार्मिक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये गए।

# कराते बेल्ट परीक्षा संपन्न, कराते संघ ने छात्रों को दी बधाई

**सिवनी यशभारत**

ट्रेडिशनल एंड स्पोर्ट्स शोतोकान कराते एसोसिएशन एवं जिला कराते संघ सिवनी के कराते के छात्र छात्राओं ने दिनांक 18 नवंबर 2021 को कराते ट्रेनिंग सेंटर, साकार सिटी के पास सुबह 9:00 बजे से 4:00 बजे तक कठिन परिश्रम कर कराते की तकनीकों कुमिते/काता का सफल प्रदर्शन किया । शिहान ओमकार कश्यप, मध्य प्रदेश चीफ इंस्ट्रक्टर, सेंसेई कुमारी राधिका कश्यप, सेंसेई नेपाल सिंह राजपूत, सेंसेई राजेंद्र पाठक के मार्गदर्शन में कराते बेल्ट परीक्षा लिया गया।




जिसमें इंद्रकांत डागौर, याचिका कश्यप, मानसी हनुमते, धनंजय कश्यप, अमन हनुमते, हिमांशु सहारे, नैंसी कश्यप, राम कुशवाह, पवनी उइके, पूनम डेहरिया, अन्विता डागौर, श्रेया डहरवाल, वैशाली ठाकुर, शबनम उइके, अथर्व डहरवाल, शुभम अग्रवाल कार्तिक अथर्व कश्यप ने ब्लू बेल्ट प्राप्त किया। सत्यम् कश्यप, गुंजन विश्वकर्मा, नैना कश्यप, वीर सनोडिया, यशवंत कश्यप, हिमांशी पटले, स्नेहा कश्यप, रोशनी मरकाम, दीपांशु कश्यप ने रेड बेल्ट प्राप्त किया। अथर्व कश्यप, मीनाक्षी कश्यप, रूपाली नेवारे, अंजनी पन्द्रे, शिखा कश्यप, निशांत खताबिया, श्रीदास परते ने ऑरेंज बैल्ट प्राप्त किया। वर्षा चंद्रवंशी, अर्चना डेहरिया, मनीषा मालवीय, ने येलो बेल्ट प्राप्त किया। शशांक शर्मा ने ग्रीन बेल्ट प्राप्त किया। बेल्ट परीक्षा सप्ताह में दिनांक 20 नवंबर 2021 को धूमा के छात्र छात्राओं ने भी बेल्ट परीक्षा दिया जिसमें कुमारी गौरवी अहिरवार ब्लू बेल्ट, सोनम नंदोरे, खुशी चौकसे, रवीना उइके, प्रियांशु डेहरिया, ओम साहू, वैशाली कुशवाह, शिवकांत चक्रवर्ती ने रेड बेल्ट प्राप्त किया। प्रतिमा चक्रवर्ती, रंजीता अहिरवार ने ऑरेंज बेल्ट प्राप्त किया। अदिति दीक्षित, आभा कुशवाह, मंजू अहिरवार ने येलो बेल्ट प्राप्त किया। निधि अहिरवार, हेमा अहिरवार ने ग्रीन बेल्ट प्राप्त किया। समस्त छात्र छात्राओं को शिहांन ओमकार कश्यप के द्वारा बेल्ट एवं बेल्ट सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिला कराते संघ सिवनी के पदाधिकारियों ने समस्त कराते के छात्र छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने सीएमओ नवनीत पांडे, डीईओ रवि बघेल, डीपीसी गोपाल सिंह बघेल ने ली बीएलओ एवं शिक्षकों की बैठक




**सिवनी यशभारत।** जिला कलेक्टर से प्राप्त निर्देशानुसार 20 नवंबर 2021 को वैक्सीनेशन महाअभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका के लायब्रेरी में सीएमओ नवनीत पांडे, डीईओ रवि बघेल, डीपीसी गोपाल सिंह बघेल ने शिक्षा विभाग के बीएलओ एवं शिक्षकों की बैठक एक आवश्यक बैठक ली एवं वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने चर्चा कर रणनीति बनाई गई। ज्ञात हो कि सिवनी नगर में प्रथम डोज का 104 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो चुका है एवं द्वितीय डोज 74 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

# किसानों के आगे झुकी सरकार, कृषि कानून की वापसी के ऐलान के बाद क्षेत्र में दिखा जश्न का माहौल

**घंसौर यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकाश पर्व के अवसर पर ऐतिहासिक फैसला लेते हुए कृषि कानून को वापस लिया एवं पूरे देश को चौंका दिया। केंद्र की मोदी सरकार किसानों के आगे झुक गई है। इसे किसान आंदोलन की बड़ी जीत बताया गया।



विकासखंड घंसौर में केंद्र सरकार द्वारा तीनों कृषि कानूनों के वापस लेने के प्रधानमंत्री के ऐलान के बाद युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी की साथ ही किसानों के हित में सरकार के लिए फैसले का स्वागत किया युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अक्षत बाजपेई ने हमारे संवाददाता से बात करते हुए बताया कि सरकार द्वारा तीनों काले कानूनों को वापस लेने का फैसला आगामी चुनावों को देखते हुए लिया गया है फिर भी सरकार का फैसला देश के किसानों के हित में है इसीलिए शुक्रवार को युवा कांग्रेसियों ने केक काटकर और पटाखे जलाकर जश्न मनाया।

# 03 ट्रकों में भरकर आ रही उत्तरप्रदेश की धान जप्त

**सिवनी यशभारत**



उत्तर प्रदेश से धान भरकर आए तीन ट्रक छपारा के बंजारी मंदिर के करीब बने दिलदार ढाबा के समीप खड़े थे जिन्हें राजस्व नागरिक आपूर्ति और पुलिस की टीम ने जप्त कर छपारा थाने ले आई।

बताया जाता है कि कलेक्टर सिवनी डॉ राहुल हरिदास फटिंग के निर्देशानुसार दिनांक 19 जिला आपूर्ति अधिकारी शैलेश शर्मा के नेतृत्व में पीयूष माली जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सहित खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा छपारा से लखनादौन मार्ग पर अन्य प्रांतों से आने वाली धान उपज की जांच कार्यवाही की गई। जांच दौरान छपारा बंजारी मंदिर के पास तीन ट्रक up 72 at 3523, में लोड 660 बोरी धान, up 72 at 4780 में लोड 635 बोरी धान, up 72at 9696 में लोड 678 बोरी धान इस तरह 1973 बोरियों में 909.55 क्विंटल धान से सम्बंधित दस्तावेजो की जांच कार्यवाही में पाया गया कि उक्त धान उत्तरप्रदेश प्रान्त से बगैर मंडी दस्तावेज के अवैधानिक रूप से लोड कर सिवनी एवम बालाघाट के व्यापारियों को भेजा जा रहा था। मोके पर तहसीलदार छपारा एवम थाना प्रभारी छपारा द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर थाना छपारा लाकर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया एवं उक्त प्रकरण को अग्रिम कार्यवाही हेतु मंडी को सौंपा गया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में सिवनी नगर पालिका ने संभाग में प्रथम प्रदेश में तीसरा और ऑल इंडिया रैंक में 53वां स्थान प्राप्त हासिल कर प्रेरक दौड़ सम्मान में गोल्ड प्राप्त किया

### कलेक्टर श्री राहुल हरिदास फटिंग एवं सीएमओं नवनीत पांडे ने दी सभी कर्मचारियों एवं नगरवासियों को बधाई







**सिवनी यशभारत।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की जारी हुई रेटिंग में सिवनी नगर पालिका ने मध्यप्रदेश में तीसरा स्थान हासिल का प्रेरक दौड में गोल्ड प्राप्त किया वहीं आल इंडिया रैंक में 53 वां स्थान पाकर जबलपुर में संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नगर पालिका बनी जीएफसी स्टार रेटिंग में 01 स्टार प्राप्त हुआ है। इस महान उपलब्धि पर जिला कलेक्टर डॉ. राहुल हरिदास फटिंग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री नवनीत पांडे ने सभी कर्मचारियों एवं नगर वासियों बधाई एवं शुभकामनायें दी।

ज्ञात होवे कि विगत वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 में सिवनी नगर पालिका ने ऑल इंडिया रैंक में 76 वां स्थान हासिल किया था जिसमें 2021 में सीधे 23 पायदान की छंलाग लगाकर इस वर्ष 53 वीं रैंक हासिल की है। इस महान उपलब्धि में का श्रेय *मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री नवनीत पांडे, स्वच्छता सर्वेक्षण की नोडल अधिकारी एवं उपयंत्री कु. बिंदेश्वरी पंद्रे एवं स्वास्थ्य विभाग के शुभम पाठक सहित समस्त सफाई कर्मचारियों* एवं उनके सहयोगी कर्मचारियों को भी जाता है क्योंकि विगत् 01 वर्षों से इनके द्वारा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में दिन रात मेहनत कर नगर में प्रतिदिन नियमित स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर से 05 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम छिडिया पलारी में टिंचिंग ग्राउंड में एफएसटीपी (सीकल स्लज टीटमेंट प्लांट), एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसेलिटी) का निर्माण एवं कंपोस्टिंग पिट याने गीले कचरे खाद् बनाये जाने का प्लांट का निर्माण कराया गया। नगर में प्रतिदिन टिप्पर वाहनों के माध्यम से कचरा उठाया जाने का कार्य किया गया। इन्ही मापदंडो के आधार पर सिवनी नगर पालिका ने यह उपलब्धि हासिल की है।।

# दलसागर देशी शराब दुकान के कर्मचारी के साथ हुई मारपीट

**सिवनी यशभारत**

दलसागर देशी शराब दुकान में फील्ड का काम करने वाले एक कर्मचारी के साथ चार अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा जिले के कचरिया निवासी हरिओम पिता बलराम सूर्यवंशी देशी शराब दुकान के संचालक अनिल जैसवाल की दुकान में फील्ड का काम करता है। बीती रात्रि लगभग 7.30 बजे उसकी देशी शराब दुकान के सामने कुछ लोग गाली गुफ्तार कर रहे थे तब हरिओम ने उन्हें गाली बकने से मना किया। यह बात युवको को नागवार गुजरी तो उन्होंने हरिओम के साथ झूमा झपटी करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। इस बीच एक युवक ने ईट फेककर कर्मचारी को मार दिया जिससे वह घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात युवकों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच में ले लिया।

## बर्रा में भैंस चराने की बात पर हुई मारपीट

**सिवनी।** गत दिवस लखनादौन थाना अंतर्गत भरदाटोला में रहने वाला एक मजदूर भैंस चराकर लौट रहा था तभी उसके गांव में रहने वाले नंदकिशोर मर्सकोले ने उससे कहा कि तू उसके बर्रा वाले खेत में भैंस चराने क्यों जाता है इसी बात को लेकर नंदकिशोर ने गाली गलौच करते हुए मजदूर के साथ पिटाई शुरू कर दिया जिससे आहत मजदूर थाना पहुंचा और एफआईआर दर्ज कराया।

## दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत चार घायल



**छपरा यशभारत।** दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा हंड्रेड डायल को दी गई जिसके बाद हंड्रेड डायल की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एंबुलेंस में छपारा अस्पताल भेजा गया जहां घायलों का इलाज जारी है। यह घटना छपारा थाना क्षेत्र के मुंडाटोला नयेगांव ग्राम बताई जा रही है। घटना में दोनों बाइक में दो 2 लोग सवार थे चार लोग घायल हुए हैं इन घायलों को अस्पताल पहुंचाने में हंड्रेड डायल में मौजूद सैनिक श्याम सिंह पायलट धर्मेंद्र रजक की रही इनकी सक्रियता से घायलों को अस्पताल भेजा गया जहां उनका इलाज जारी है

## पैदल जा रहे युवक को बाईक ने मारी टक्कर

**सिवनी।** गत दिवस बंडोल थाना अंतर्गत टोला पिपरिया निवासी एक व्यक्ति अपने साथी के साथ खेत में काम कर पैदल लौट रहा था तभी गांव के प्रायमरी स्कूल के पास एक बाईक सवार ने तेज गति से बाईक चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# असफल दिखाई दे रही मूलभूत योजनाएं

**देवरी यशभारत । जनपद पंचायत केसली अंतर्गत ग्राम पंचायत नयानगर में शासन द्वारा संचालित मूलभूत योजनाएँ जमीनी हकीकत में विफल साबित दिखाई दे रही हैं ग्रामपंचायत नयानगर में आखिर क्यों अन्य और पंचायतों जैसे लक्ष्य कार्य पूर्ण नही किये जाते हैं ग्रामीणों ने बताया कि हमारे यहाँ आज भी ग्रामीण पेय जल भरने के लिए हैण्ड पंप और कुए के लिए जाते हैं स्वच्छ भारत अभियान मिशन भी यहाँ सफल नही दिखाई दे रहा है ।**

आज भी ग्रामीण खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हैं जनपद पंचायत केसली की कुछ ग्रामपंचायत मध्यप्रदेश स्तर में अपना एक स्थान अर्जित कर उत्कृष्ट लक्ष्य विभिन्न प्रकार की समस्त शासन की संचालित योजनाओं को सफल बनाने हेतु प्रशस्ती पत्र प्राप्त कर पंचायत एवं जनपद के अधिकारी गौरान्वित हुए हैं वहीं दूसरी ओर नयानगर ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया करवाने में सचिव रोजगार सहायक सहित जनपद के अधिकारी दूरदरान दिखाई दे रहे हैं जब स्थानीय संवाददाता अरविन्द्र लोधी के द्वारा पंचायत का भौतिक मुआयना किया गया तब पंचायत में होने वाले विकास निर्माण किये गये कार्यो के पूर्व ही मूलभूत योजनाओं पर एक नजर देखा तो स्पष्ट रूप से जाहिर हो गया कि पंचायत के कर्मचारी एवं जनपद के जिम्मेदार अधिकारी पंचायतों के विकास निर्माण कार्यो में कितनी जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं यह एक चर्चा का विषय है कि जहाँ प्रदेश के मुखिया एक के बाद एक नवीन योजनाओं को पात्र सभी हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करवाने के लिए ऐड़ी चोटी से जोर लगा रहे हैं वहीं जनपद और पंचायत के कर्मचारी मूलभूत योजनाएं भी पूर्ण करवाने में सफल साबित नहीं हुए आखिर क्यों ।

# बंजारी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 21 को

सिवनी। माँ बंजारी स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में ग्राम बंजारी में मड़ई के दिन 21 नवंबर को एक दिवसीय सीनियर एवं जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, ऑल राउंडर एवं सांत्वना पुरस्कार रखे गये हैं। आयोजन समिति ने जानकारी दी है कि यह प्रतियोगिता स्व. अखिलेश अवस्थी, बालमुनी कुंजाम, अशोक सरयाम एवं सोहन लाल मरावी की स्मृति में आयोजित की गई है। कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जोएब फारूकी उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी, जूनियर वर्ग टीम प्रवेश शुल्क 151 रूपये रखा गया है, इस वर्ग का प्रथम पुरस्कार 3100 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2100 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 1400 रूपये रखा गया है। इसी तरह सीनियर वर्ग में प्रवेश शुल्क 401 रूपये रखा गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 15000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 10000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 7000 रूपये रखा गया है। समिति के अध्यक्ष परसराम कुल्हाड़े, उपाध्यक्ष खेतुलाल जलथाप, करन मरकाम, सचिव दुर्गा प्रसाद तुरकर, राजेन्द्र कुंजाम, सह-सचिव राजेश मरकाम, संजू काकोड़िया, कोषाध्यक्ष महेन्द्र उईके, जाकिर खान आदि ने सभी कबड्डी प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है। समिति ने बताया कि जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों की आयु सीमा 18 वर्ष है। सभी खिलाड़ियों से अपना आधार कार्ड या अंक सूची अवश्य लाने की अपील की है।

# कामरेड अली एमआर खान का निधन




**सिवनी।** संयुक्त किसान मोर्चा सिवनी के कार्यकारी अध्यक्ष काम.अली एम आर खान जी का हाई अटैक से दुःखद निधन हो गया आपने 6 बजे स्थानीय साईं राम चिकित्सालय में अंतिम साँस ली । ईश्वर पवित्र आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान ओर शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।मोर्चा की बैठक उपरांत यह घटना घटित हुई।

कदम - कदम स्वच्छता की ओर

आज़ादी का अमृत महोत्सव | मध्यप्रदेश शासन

# स्वच्छता को हमने 'आदत' बनाया मध्यप्रदेश का परचम फिर लहराया



प्रदेश के सभी सफाई-मित्रों और जागरूक नागरिकों के प्रति आभार



## स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 अवॉर्ड में मध्यप्रदेश ने हर बार की तरह एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार और सम्मान किये अपने नाम।

### 21 नेशनल अवॉर्ड | 17 वन स्टार रेटिंग | 70 प्रेरक दौर सम्मान

**इंदौर को लगातार 5वीं बार मिला भारत के स्वच्छतम् शहर का गौरव**



- इंदौर शहर ने 5 स्टार के साथ सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के लिये भी पुरस्कार जीता।
- भोपाल को मिला स्व-संवहनीय राजधानी का खिताब और सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में देश भर में तीसरा स्थान।
- मध्यप्रदेश राज्य को तीसरे सबसे स्वच्छ राज्य का पुरस्कार।
- मध्यप्रदेश के 27 शहरों को मिली स्टार रेटिंग।
- विभिन्न श्रेणियों में प्रदेश के 07 शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार - इंदौर, भोपाल, उज्जैन, देवास, होशंगाबाद, बड़वाह और पचमढ़ी केंट को उत्कृष्ट अवॉर्ड श्रेणी के लिए सम्मान।
  - 1 से 3 लाख जनसंख्या के शहरों में होशंगाबाद शहर को तेजी से बढ़ते शहर और देवास को नवाचार का सम्मान।
  - उज्जैन शहर को 1-10 लाख जनसंख्या के शहरों में नागरिक प्रतिक्रिया में सर्वश्रेष्ठ सम्मान।
  - छोटे शहरों की श्रेणी में खरगौन जिले के बड़वाह को जोनल रैंकिंग में सबसे तेजी से बढ़ते शहर का सम्मान।
- सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के अंतर्गत इंदौर शहर को 12 करोड़, देवास को 6 करोड़ और भोपाल को 03 करोड़ रुपये का पुरस्कार।
- स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार प्रेरक दौर का घटक शामिल किया गया। इसमें प्लेटिनम-दिव्य श्रेणी में - 1 शहर, गोल्ड-अनुपम श्रेणी में - 35 शहर, सिल्वर-उज्ज्वल श्रेणी में - 3 शहर, ब्रांज-उदित श्रेणी में - 27 शहर और कॉपर-आरोही श्रेणी में - 4 शहर सहित कुल 70 शहरों को इस घटक में रैंकिंग प्राप्त हुई।

**सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज**

- इंदौर, देवास और भोपाल ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाया अपना स्थान। (चैलेंज में सीवर लाइनों और सेप्टिक टैंक की सफाई में मानव हस्तक्षेप को खत्म कर मशीनों द्वारा सफाई मित्रों की सुरक्षा को प्रोत्साहित किया जाता है।)

**हम हुए पहले से अधिक बेहतर**

- 295 शहर ओडीएफ डबल प्लस (ODF++) और 78 शहर ओडीएफ प्लस (ODF+) प्रमाणित। इंदौर को वॉटर प्लस प्रमाणन।



"मुझे गर्व और प्रसन्नता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भी मध्यप्रदेश ने माननीय प्रधानमंत्री जी के सपनों और संकल्प को साकार किया है। इस सफलता के लिये मैं सभी मध्यप्रदेशवासियों और विशेष तौर पर सभी स्वच्छताकर्मियों को हृदय से धन्यवाद देता हूँ।"

- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

- देश के 10 लाख से अधिक आबादी वाले टॉप 20 शहरों में मध्यप्रदेश के सभी 4 प्रमुख शहर इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर हुए शामिल।
- 1 से 10 लाख आबादी की श्रेणी में देश के 100 शहरों में प्रदेश के 25 शहर।

**पश्चिमी क्षेत्र श्रेणी**

- 50 हजार से 1 लाख आबादी की श्रेणी में देश के 100 शहरों में प्रदेश के 26 शहर शामिल।
- 25 हजार से 50 हजार आबादी की श्रेणी में देश के 100 शहरों में प्रदेश के 26 शहर शामिल।
- 25 हजार से कम आबादी की श्रेणी में देश के 100 शहरों में प्रदेश के 35 शहर शामिल।

**स्वच्छ, स्वस्थ, समर्थ - मध्यप्रदेश**

D-11081/21

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# सफाई का 25 करोड़ दबाए बैठे 1 लाख 35 हजार करदाता

## ऐसे में कैसे होगा शहर नंबर 1

**जबलपुर, यशभारत। स्वच्छता रैंकिंग में जबलपुर को 20वां स्थान प्राप्त हुआ है इसके लिए नगर निगम टीम को कितनी मेहनत की है इसका अंदाजा किसी को नहीं है। जानकर हैरानी होगी कि 1 करोड़ 35 लाख लोग कचरा टैक्स के 25 करोड़ दबाकर बैठे। भारी भरकम टैक्स वसूलने के लिए नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा लोगों को बिल भेजे गए हैं। इधर निगम का तर्क है कि राजस्व वसूली नहीं होने से शहर विकास के कार्य रूके हुए हैं, साफ-सफाई व्यवस्था से लेकर अन्य कार्यों में प्रभावित हो रहे है।**






90 हजार करदाताओं से जलकर राशि वसूलने भेजा बिल इसके अलावा संपत्ति, पानी का टैक्स वसूलने के लिए भी करदाताओं को निशाने पर लिया गया है। करदाताओं को संपत्ति और जलकर वसूलने भी बिल भेजे जा रहे हैं। जलकर की राशी वसूलने के लिए निगम ने 80 हजार करदाताओं को टैक्स बिल भेजकर बकाया कर जमा करने कहा है।

### खजाने में 100 करोड़ ही जमा हुआ

नगर निगम पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले इस वर्ष राजस्व वसूली में पिछड़ गया है। नगर निगम को वित्तीय वर्ष 2021-22 में 400 करोड़ रुपये वसूलने हैं लेकिन अभी तक 100 करोड़ रुपये ही निगम के खजाने में जमा हो पाए हैं।

जहां वाहन नहीं पहुंच रहे वहां के लोग क्यों दें कचरा टैक्स कचरा टैक्स को लेकर वे लोग आक्रोशित है जिनकी कॉलोनियों में कचरा गाड़ी ही नहीं पहुंच रही है। ऐसी स्थिति में कैसे कचरा टैक्स दें। नागरिक ये कह कर शुल्क जमा करने से बच रहे हैं कि घरों से कचरा उठ नहीं रहा। विदित हो कि नगर निगम ने घरों से कचरा उठाने का ठेका एस्सेल कंपनी को दिया था। लेकिन कंपनी ने लगभग अपना बोरिया-बिस्तर समेट लिया है। नगर निगम अपने स्तर से कचरा संग्रहण करवा रहा है लेकिन सफई कर्मचारी अधिकांश घरों से कचरा नहीं उठा रहे। हालांकि अधिकांश वार्डों में कचरा गाड़ी पहुंच रही है।

### इनका कहना है

राजस्व वसूली में थोड़ा पीछे चल रहे हैं, कचरा टैक्स भरने के लिए 1 करोड़ 35 लाख लोगों को बिल भेजा गया है। सबसे ज्यादा नागरिक जलकर और कचरा टैक्स देने में पीछे है। नगर निगम मार्च तक राजस्व लक्ष्य को पूरा कर लेगा।

**पीएन सनखेरे, राजस्व उपायुक्त नगर निगम**

# सहेली के प्रेमी ने दोस्त से कराया बलात्कार

**जबलपुर, यशभारत।** 17 साल की 12वीं की छात्रा का उसकी सहेली ने ही अपने प्रेमी के दोस्त से पहचान कराकर बलात्कार कर दिया। सोशल मीडिया के जरिए फ्रेंड बनी युवती और उसके प्रेमी ने अपने दोस्त से छात्रा की पहचान कराई और फिर प्यार का सिलसिला जारी रहा। इसके बाद आरोपी लगातार दैहिक शोषण करता रहा। इसी बीच छात्रा गभज्वती हो गई, जिसका गभज्पात कराने के लिए युवकों ने पैसे की डिमांड, तब कहीं जाकर पीड़िता ने विजय नगर थाने में शिकायत की। पुलिस ने त्वरित कारज्वाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को दबोच लिया है। मामले में तीन फरार बताए जा रहे है। जिनकी तलाश की जा रही है। पीड़िता के पिता नहीं हैं। वो इकलौती संतान है। मां सरकारी नौकरी में है।पीड़िता के मुताबिक, पांच महीने पहले क्लब हाउस के जरिए नेपियर टाउन का युवक, जसूजा सिटी गढ़ा की एक युवती और गंगानगर का एक युवक से पहचान हुई। इसके बाद पीड़िता के सोशल मीडिया अकाउंट पर साउथ मिलौनीगंज निवासी आरोपी युवक ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा। उसने एक्सेप्ट नहीं नहीं किया।



**गर्भपात कराने के पैसे वसूल करने बना रहे थे दबाव, चार गिरफ्तार, तीन फरार**

### जोर देकर कराई दोस्ती

युवती और उसका प्रेमी पहले से आरोपी युवक को जानते थे। दोनों ने पीड़िता को बताया कि आरोपी युवक अच्छा लड़का है। उससे दोस्ती कर लो। इस पर उसने फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर ली। इसके बाद दोनों उससे आरोपी युवक से बात करने के लिए कहने लगे। उसकी तारीफ सुनकर वो प्रभावित हो गई और उससे बात करने लगी। आरोपी युवक ने उसे पसंद करने की बात कही और कहा कि वह शादी करना चाहता है।

### मां की गैरहाजिरी में किया रेप

पीड़िता की मां सुबह ही घर से ऑफि स चली जाती है। इस कारण वह घर में अकेली रहती थी। तभी सहेली और उसके प्रेमी ने आपस में उसके घर में ही रिलेशन बनाए। दोनों उस पर आरोपी युवक के साथ रिलेशन बनाने पर जोर देने लगे। 3 सितंबर की दोपहर सेहली और उसका प्रेमी उसके घर आए। आरोपी युवक ने उसके साथ रेप किया।

### फार्म हाउस, रेस्टोरेंट और कैफे में भी हुआ रेप

आरोपी युवक अपनी स्कापिज्यो से सहेली और उसके प्रेमी के साथ लड़की को लेकर जानम फामज़ हाउस ले गया। वहां भी गुलाम ने रेप किया। 15 दिन बाद कैफे विजय नगर में रिलेशन बनाए। 17 अक्टूबर को आरोपी युवक उसे धनी की कुटिया स्थित कैफे ले गया। वहां भी रेप किया। इस बीच पीड़िता गभज्वती हो गई।

### गोहलपुर में पांच चोरों को दबोचा

# दो चोरियों का खुलासा, तीन लाख के जेवरात बरामद

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर पुलिस ने शातिर पांच चोरों को दबोच लिया है। जो घरों की रैकी कर, पलक छपकते ही जेवरात और नगदी पार कर रफूचक्कर हो जाते थे। पकड़े गए आरोपियों से दो चोरियों का खुलासा हुआ है, जिनसे करीब तीन लाख के जेवरात बरामद कर लिये गए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गोहलपुर में विगत दिनों हुई दो चोरियों का खुलासा हुआ है। जिसमें चोरों ने सेंध लगाकर, दो घरों से कीमती जेवरात गायब कर फरार हो गए थे। पुलिस पांचों पकड़े गए चोरों से पूछताछ कर रही है। कयास लगाए जा रहे है कि आरापियों से पूछताछ में हुई अन्य चोरियों का खुलासा होगा।



# ट्रक चालक ने बाइक सवार को रौंदा, उपचार के दौरान मौत

**जबलपुर यश भारत।** बेलखाडू पुलिस चौकी के अंतर्गत मगरहा पुल एक ट्रक चालक ने बाइक सवार को उस समय जबरदस्त टक्कर मार दी जब वह जबलपुर से खरीदारी करने के बाद बाइकसे अपने गांव लौट रहा था। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल रवाना किया गया जहां देर रात उसकी मौत हो गई । पुलिस ने घटनास्थल से ट्रक को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस दुर्घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दमोह जिला के जबेरा थाना अंतर्गत पटी सिंगौरगढ़ का रहने वाला 38 वर्षीय रवि कांत झारिया पिता बिहारीलाल झारिया पत्नी को बाइक में लेकर जबलपुर खरीदारी करने के लिए आया हुआ था सामान अधिक होने के कारण उसने पत्नी को बस में सवार कर घर के लिए रवाना किया और स्वयं बाइक में सवार होकर अपने गांव जा रहा था वह जैसे ही जबलपुर कटंगी मार्ग के बेलखाडू पुलिस चौकी के अंतर्गत मंगरहा पुल के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने बहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसे जबरदस्त टक्कर मार दी इस दुर्घटना में रविकांत को सिर एवं शरीर के अंगों में गंभीर रूप से चोट आने के कारण उसे पुलिस द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल अस्पताल रवाना किया गया जहां पर देर रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने ट्रक को जप्त कर चालक लक्ष्मण विश्वकर्मा पिता पुन्नी लाल विश्वकर्मा निवासी गुलगंज जिला छतरपुर को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही की गई।



जबलपुर से घर जाते समय हुआ हादसे का शिकार

### पनागर लूट का खुलासा

# 4 आरोपी गिरफ्तार, दो बाइक और 4 हजार रूपए बरामद

जबलपुर, यशभारत। पनागर के बम्हनोदा में एक युवक के साथ हुई लूट के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को दबोच लिया है। आरोपियों के पास दो मोटरसाइकिल और 4 हजार रूपए बरामद किए गए हैं। पुलिस अन्य घटनाओं को लेकर भी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पनागर एसआई भगत सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 14 नवम्बर 2021 को प्रदीप कोरी को बम्होना के पास बीच रास्ते रोककर, आरोपी विकास कुमार, अंकित, सनी और राहुल कुमार ने चाकू की नोक पर पसज़ और मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। पीड़ित के पसज़ में नगद चार हजार और हजारों रुपए का कीमती मोबाइल था। पीड़ित की रिपोर्ट पर मुखबिर तंत्र को अलर्ट कर, आरोपियों का पता लगाया जा रहा था। **शक के आधार पर की पूछताछ तो खुल गया राज**- पुलिस ने बताया कि घटना के बाद लगातार नजर रखी जा रही थी। इसी बीच विकास कुमार की स्थिति संदिग्ध लगी। जिसके बाद पुलिस ने युवक को उठाकर पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के साथ लूट की वारदात को अंजाम देना कुबूल कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से अन्य लूटों से संबंधित पूछताछ की जा रही है।

### भटौली में मुरम और रेत से भरे ट्रेक्टर जब्त

# पुलिस को देखकर खेत में घुसा ट्रेक्टर चालक

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट पुलिस भटौली खदान पर दबिश देते हुए मुरम और रेत से भरे दो ट्रेक्टरों को जब्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद भगदड़ की स्थिति मच गयी। इस दौरान एक ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार किया जबकि दूसरा फरार हो गया। पकड़े गए ट्रेक्टर चालक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

ग्वारीघाट पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भटौली के पास स्थित पहाड़ी में विगत कई दिनों से ट्रेक्टर से शासकीय पहाड़ी से मिट्टी का खनन कर रहा है। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर 28 वर्षीय सुमन कोल निवासी ग्वारीघाट निवासी को दबोच लिया।




### एक ट्रिप के मिलते हैं 900 रूपये

पकड़े गए ट्रेक्टर चालक सुमन कोल ने बताया कि 4 माह से नेशनल अस्पताल के पीछे रहने वाले द्वारका रजक के ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 एबी 1714 को चला रहा है। जिससे 2 माह से भटौली से मिट्टी की ढुलाई कर, सदर जबलपुर में कस्तूरी नर्सरी में ले जा रहा है। उसने बताया कि ट्रेक्टर मालिक को एक ट्रिप के 900 रूपये मिलते हैंञ जिसके एवज में मालिक द्वारा 300 रूपये प्रतिदिन ट्रेक्टर चलाने की मजदूरी दी जाती है। इतना ही नहीं अभी तक भटैाली से लगभग 100 ट्रिप मिट्टी खोदी गई है। पुलिस ने मिट्टी भरी ट्राली, फ ावड़ा, गैंती जब्त करते हुए ट्रेक्टर चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### रेत भरकर जा रहा था बेंचने

इसी प्रकार ग्वारीघाट पुलिस ने भटोली से छयोला रोड के बीच में एक बिना नंबर का महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर जब्त किया है। जो अवैध रेत से भरा हुआ है। पुलिस ने जब दबिश दी तो चालक ट्रेक्टर से चाबी निकालकर खेतों में घुस गया। जिसे काफी तलाश करने पर वह नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।



# भेड़ाघाट में सट्टा लिख रहे युवक को दबोचा

**4130 रूपए , 2 मोबाईल जब्त**

**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट के कछियाना मोहल्ले से क्राइम ब्रांच व पुलिस टीम ने सट्टा लिख रहे एक युवक को गिरफ्तार कर, कब्जे से 4130 रूपये एवं 2 मोबाईल जब्त किए है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि कछियाना मोहल्ला सहजपुर निवासी गोविंद शमाज़ सहजपुर पुल के नीचे हनुमानजी मंदिर के पास मोबाईल पर बातचीत करते हुये सट्टा लिख रहा है। सूचना पर क्राईम ब्राचं के सहायक उप निरीक्षक अजय पाण्डे, प्रधान आरक्षक ब्रम्हप्रकाश, महेन्द्र पटेल, हषज्वधज्न शमाज़ एवं भेड़ाघाट के उप निरीक्षक रामशीष यादव, आरक्षक जय शंकर के द्वारा दबिश देते हुए गोविन्द शमाज़ उम्र 26 वषज़ निवासी सहजपुर को दबोचकर, कब्जे से 4130 रूपये 2 मोबाईल जब्त करते हुए जुआ एक्ट के तहत कायज़्वाही की जा रही है।

# महिला दुकानदार पर चाकू से हमला

## युवक ने आवाज देकर बुलाया फिर कई वार

**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर कुम्हारी मोहल्ला में महिला को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब महिला दुकान बंद कर घर जा रही थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर, अज्ञात हमलावर की तलाश में जुटी है। घमापुर पुलिस ने बताया कि कुम्हारी मोहल्ला में मटन की दुकान संचालित करने वाली किरण चक्रवती शनिवार की रात अपनी दुकान को बंद कर घर जा रही थी, तभी पीछे से किसी ने किसी युवक ने आवाजा देकर बुलाया और चाकू से दनादन हमला कर दिया। घटना में महिला को गंभीर चोट आई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### सीसीटीव्ही फुटेज तलाश रही पुलिस

वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गया। वहीं, महिला लहूलुहान हालत में बीच रोड पर पड़ी रही। घटना की जानकारी राहगीरों ने महिला के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इधर पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आए है कि रंजिशवश वारदात घटित हुई है। लेकिन आरोपी अज्ञात है, जिसे पुलिस सरगर्मी से तलाश रही है।

### सब्जी की दुकान से ले उड़े बाइक

वहीं बरेला से सब्जी की दुकान से एक बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित अपनी सब्जी की दुकान चला रहा था,इसी बीच भीड़ का फायदा उठाकर शातिर चोर बाइक ले उड़े। पुलिस ने बताया कि राहुल कुछवाहा सालीबाड़ा निवासी है। जो बरेला में दुकान लगाता है। दरमियानी शाम को दुकान के पास खड़ी सुजुकी बाइक गायब हो गयी। पुलिस ने मामला दर्ज कर,जांच में लिया है।

### मां नर्मदा के दर्शन करने गए युवक की बाइक चोरी

जबलपुर, यशभारत। पूर्णिमा पर मां नर्मदा के दर्शन करने गए युवक की बाइक झंडा चैक से चोरी हो गयी। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दजज़ कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि रांझी निवासी प्रदीप कुमार व्यास पूणिज़्मा पर ग्वारीघाट माँ नमज़्दा के दशज़्न करने गए थे। बाइक को वहीं पाकज़ कर दी थी। जब वापस आकर देखा तो बाइक गायब थी। पीड़ित ने बाइक चोरी होने के बाद यहां-वहां बहुत तलाश की।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )